दैनिक
# बुद्ध का संदेश
हिन्दी समाचार पत्र
एक विश्वास....

रश्मिका मंदाना की मैसा का केरल ...8

सिद्धार्थनगर
बुधवार, 29 अप्रैल 2026
वर्ष: 13 अंक : 130 पृष्ठ: 8
आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, रामपुर, रायबरेली, सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

सम्पादक : राजेश शर्मा

दैनिक बुद्ध का संदेश 8795951917, 9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## एफटीए की आसमान छूती कीमतों से परेशान एयरलाइंस!

### सरकार को एसओएस भेजकर उड़ानें ठप करने की दी चेतावनी



नई दिल्ली। भारत की एयरलाइन इंडस्ट्री ने सरकार से तुरंत दखल देने की मांग की है, क्योंकि जेट फ्यूल की कीमतों में अचानक हुई बढ़ोतरी से उनके कामकाज पर दबाव पड़ रहा है और लागत बढ़ रही है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय को लिखे एक पत्र में, फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस कृजो एयर इंडिया, **IndiGo** और **SpiceJet** जैसी एयरलाइनों का प्रतिनिधित्व करता है। उसने चेतावनी दी है कि एविएशन टर्बाइन फ्यूल की आसमान छूती कीमतों के कारण यह सेक्टर ष्बेहद तनावष् का सामना कर रहा है। उद्योग संगठन ने कहा कि मौजूदा लागत का माहौल कई मार्गों को आर्थिक रूप से अव्यवहार्य बना रहा है, और यदि कीमतें ऊँची बनी रहती हैं, तो एयरलाइनों को अपने परिचालन पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। इस चिंता की मुख्य वजह |ज्थ की कीमतों में आई तेजी है। हाल के बदलावों में, पश्चिम एशिया में तनाव के चलते ग्लोबल कच्चे तेल की कीमतों में उछाल को देखते हुए, |ज्थ की कीमतें 2 लाख रुपये प्रति किलोलीटर के पार चली गई हैं। इंडस्ट्री के मुताबिक, एविएशन फ्यूल, जो आम तौर पर एयरलाइन के खर्चों का लगभग 30–40 प्रतिशत होता है, अब बढ़कर ऑपरेटिंग खर्चों का 55–60 प्रतिशत तक हो गया है। इस बदलाव ने मुनाफे के मार्जिन को काफी कम कर दिया है। अपने पत्र में थ्। ने बताया कि एयरलाइंस इस बढ़ोतरी को झेलने में मुश्किल महसूस कर रही हैं, खासकर इंटरनेशनल रूट्स पर, जहाँ फ्यूल की लागत ज़्यादा होती है और कीमतों में बदलाव की गुंजाइश कम होती है। एयरलाइंस ने यह भी चेतावनी दी कि फ्यूल की कीमतें लगातार ऊँची रहने से कैश फ्लो पर दबाव पड़ने लगा है, जिससे पूरे सेक्टर पर वित्तीय दबाव और बढ़ गया है। इंडस्ट्री बॉडी ने तुरंत और ढांचागत उपाय करने की मांग की है। एक तत्काल कदम के तौर पर, इसने सरकार से **ATF** पर लगने वाली 11: एक्साइज ड्यूटी को कुछ समय के लिए हटाने और राज्य–स्तर पर लगने वाले **VAT** में कमी लाने की जोरदार अपील की हैय कुछ जगहों पर यह **VAT**

## मीरा रोड चाकूबाजी में टेरर एंगल!

### फडणवीस ने कहा– आरोपी हिंदुओं को बनाना चाहता था निशाना




मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को मीरा रोड में संदिग्ध लोन वुल्फ हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह स्व–कट्टरपंथ का मामला प्रतीत होता है, क्योंकि जांचकर्ताओं को आरोपी के घर से आपत्तिजनक सामग्री मिली है। उन्होंने यह भी कहा कि संदिग्ध की ष्जिहाद के नाम परष् हिंदू समुदाय के सदस्यों को निशाना बनाने की ष्इच्छाष् थी। अमेरिका से लौटे 31 साल के एक व्यक्ति को सोमवार को चाकू से हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। इस हमले में मीरा रोड पर दो सुरक्षा गार्ड घायल हो गए थे। बाद में यह मामला महाराष्ट्र एंटी–टेररिज्म स्क्वॉड (।ज्ै) की ठाणे यूनिट को सौंप दिया गया। यह कदम तब उठाया गया जब ऐसे दावे सामने आए कि आरोपी ने गार्डों को इसलिए चाकू मारा क्योंकि उन्होंने एक धार्मिक आयत पढ़ने से इनकार कर दिया था। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में फडणवीस ने कहा कि यह स्व–कट्टरपंथ का मामला प्रतीत होता है। आरोपी के आवास से कुछ किताबें और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। वह संयुक्त राज्य अमेरिका में रहता था और हाल ही में लौटा था।

#### केस के बारे में पूरी जानकारी

पुलिस ने बताया कि आरोपी, जो अमेरिका में 19 साल बिताने के बाद 2019 में भारत लौटा था, उसे सुबह 4 बजे हुए हमले के तीन घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी जैब अंसारी ने मीरा रोड ईस्ट के नया नगर में श्अस्मिता ग्रैंड मेंशनश् कॉम्प्लेक्स की कंस्ट्रक्शन साइट पर पीड़ितों – राजकुमार मिश्रा और सुब्रतो सेन – पर हमला किया। यह हमला तब हुआ जब एक बहस हिंसक हो गई। दोनों गार्ड्स को कई चोटें आईं। इस घटना से इलाके में तनाव फैल गया, क्योंकि इसमें धार्मिक पहलू होने की अफवाहें फैलने लगीं।

### वाराणसी में पीएम मोदी ने नारी शक्ति को बताया नए भारत की असली ताकत

# विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत हुआ। एयरपोर्ट से लेकर शहर के विभिन्न मार्गों तक 'हर–हर महादेव' और 'मोदी–मोदी' के नारों से वातावरण गूंज उठा। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और पूरे शहर को सूचना विभाग द्वारा होर्डिंग, स्टैंडी, कटआउट आदि से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इस दौरान प्रधानमंत्री ने बीएलडब्ल्यू मैदान में आयोजित विशाल महिला सम्मेलन को संबोधित किया, जिसमें हजारों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। सम्मेलन स्थल पर महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। सम्मेलन में प्रतिभाग के रही महिलाओं को बैठने के बनाए गए सभी सेक्टर




में प्रधानमंत्री ने स्वयं जाकर महिलाओं का अभिवादन किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी वंदन सम्मेलन में "हर–हर महादेव" के उद्घोष के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने काशी की आध्यात्मिक महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नगरी माता श्रृंगार गौरी, माता अन्नपूर्णा, माता विशालाक्षी, माता संकट मोचन की शक्ति और मां गंगा की पावन धारा से समृद्ध है। उन्होंने कहा कि इस पवित्र भूमि पर बहनों का यह विशाल समागम कार्यक्रम को और अधिक दिव्य बना रहा है।

प्रधानमंत्री ने काशी की महिलाओं को नमन करते हुए कहा कि आज का यह अवसर नारी शक्ति के वंदन और विकास का उत्सव है। उन्होंने बताया कि इस दौरान हजारों करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है, जो क्षेत्र के विकास को नई गति देंगे। उन्होंने कहा कि काशी से पुणे और अयोध्या से मुंबई के लिए शुरू की गई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों से आम जनता को बड़ा लाभ मिलेगा। इससे महाराष्ट्र के लोगों को काशी विश्वनाथ धाम और अयोध्या आने के लिए एक आधुनिक और सुविधाजनक विकल्प मिलेगा।

उन्होंने कहा कि देश को विकसित बनाने का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसमें भारत की नारी शक्ति की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह एक नए युग की शुरुआत के लिए माताओं–बहनों का आशीर्वाद लेने आए हैं। साथ ही उन्होंने महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाते हुए महिला आरक्षण को लागू करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला सशक्तीकरण को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि आज देश की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और सरकार उनकी प्रगति में हर संभव सहयोग दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि "नारी शक्ति ही नए भारत की असली ताकत है, और जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं तो पूरा समाज आगे बढ़ता है।" पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में लंबे समय तक महिलाएं उपेक्षित रहीं।

उन्होंने कहा कि कई बार महिलाओं से सवाल तक नहीं पूछे जाते थे और सीधे निर्णय थोप दिए जाते थे। यह स्थिति केवल काशी ही नहीं, बल्कि देश के अधिकांश हिस्सों में बहन–बेटियों का अनुभव रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह करीब 25 वर्ष पहले गुजरात के मुख्यमंत्री बने, तब उन्होंने इस सोच को बदलने का संकल्प लिया। उन्होंने बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं शुरू की, जिससे अधिक से अधिक लड़कियां स्कूल पहुंच सकें। कहा कि वर्ष 2014 में जब देश की माताओं–बहनों ने उन्हें सेवा का अवसर दिया, तब से भारत तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

### आतिशि का बीजेपी पर दोतरफा हमला, महिला भत्ते और आप सांसदों के दल–बदल पर घेरा

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह देने के चुनावी वादे को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर मंगलवार को सवाल उठाए और आम आदमी पार्टी (आप) के सात राज्यसभा सदस्यों के भाजपा में शामिल होने को ''असंवैधानिक'' करार दिया। आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले साल हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने जनवरी में वादा किया था कि राष्ट्रीय राजधानी की महिलाओं को उसी साल आठ मार्च से हर महीने 2,500 रुपये उनके बैंक खातों में मिलने लगेंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं से अपने बैंक खातों को मोबाइल नंबर से लिंक करने के लिए कहा गया था और यह आश्वासन दिया गया था कि राशि जमा होने की पुष्टि का संदेश उन्हें मिलेगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, "आठ मार्च 2025 गुजर चुका है और अब आठ मार्च 2026 भी बीत गया लेकिन दिल्ली की महिलाओं के खातों में 2,500 रुपये नहीं आए हैं।"

### चिराग पासवान का बड़ा दावा, बोले- पश्चिम बंगाल में ममता के तानाशाही शासन का होगा अंत

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ''बड़ी जीत'' का दावा करते हुए मंगलवार को कहा कि राज्य की जनता तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी के ''हिंसक, भ्रष्ट और तानाशाही'' शासन से ऊब चुकी है। भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष पासवान ने पटना में संवाददाताओं से कहा, ''पश्चिम बंगाल की जनता ममता बनर्जी के तानाशाही, हिंसक और भ्रष्ट शासन से मुक्ति पाने के लिए मतदान करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के व्यापक चुनाव प्रचार ने लोगों में विश्वास पैदा किया है।'' उनका यह बयान पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दूसरे एवं अंतिम चरण के मतदान से एक दिन पहले आया है। उन्होंने दावा किया, ''मुझे पूरा विश्वास है कि चार मई को जिन पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम आने वाले हैं, उन सभी में राजग बड़ी जीत की ओर बढ़ रहा है।

## पश्चिम बंगाल में सियासी पारा हाई, टीएमसी नेता जहांगीर खान बोले– अगर वो सिंघम हैं, तो मैं पुष्पा हूं

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले की फाल्टा विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार जहांगीर खान ने निर्वाचन आयोग की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के उत्तर प्रदेश कैडर के अधिकारी अजय पाल शर्मा के क्षेत्र का दौरा करने पर मंगलवार को आपत्ति जताई। खान ने कहा कि अगर शर्मा "सिंघम" हैं, तो वह "पुष्पा" हैं और पार्टी कार्यकर्ताओं को "डराने–धमकाने" की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों ने शर्मा पर पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव के लिए 29 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को डराने–धमकाने का आरोप लगाते हुए फाल्टा में उनके खिलाफ प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने बताया कि शर्मा को तृणमूल समर्थकों के विरोध का सामना करना पड़ा,



जिन्होंने फाल्टा में खान के आवास के साथ–साथ उनके चुनाव कार्यालय के बाहर 'जय बांग्ला' के नारे लगाए। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि आयोग को खबर मिली थी कि खान के समर्थक फाल्टा में लोगों से कथित तौर पर उनके मतदाता पहचान पत्र एकत्र कर रहे थे और उन्हें धमका रहे थे, जिसके बाद शर्मा ने क्षेत्र का दौरा किया। अधिकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में "सिंघम" के नाम से मशहूर शर्मा ने फाल्टा के अपने दौरे के दौरान स्पष्ट किया कि वह खान और उनके समर्थकों को मतदाताओं को डराने–धमकाने नहीं देंगे। शर्मा उन 95 पर्यवेक्षकों में शामिल हैं, जिन्हें निर्वाचन आयोग ने दूसरे चरण के चुनाव में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए तैनात किया है। खान ने घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह "भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से तैनात पुलिस अधिकारियों को मतदाताओं को डराने–धमकाने" नहीं देंगे। तृणमूल उम्मीदवार ने कहा, "यह बंगाल हैय अगर वह (शर्मा) 'सिंघम' हैं, तो मैं 'पुष्पा' हूं। फाल्टा में भाजपा की ओर से तैनात उत्तर प्रदेश के पुलिस अधिकारियों की किसी भी तरह की धमकी या दबाव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।" उन्होंने कहा, "वे पुलिस बल के साथ आए और मुझ पर तथा मेरे लोगों पर दबाव डालने की कोशिश की। लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसे कृत्य स्वीकार्य नहीं हैं।" चश्मदीदों के अनुसार, शर्मा सोमवार देर रात खान के आवास पर पहुंचे थे और कहा था कि अगर मतदाताओं को डराने–धमकाने की कोई शिकायत मिलती है, तो अधिकारी "तत्काल कठोर कदम" उठाएंगे। फाल्टा विधानसभा सीट डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती है, जिसका प्रतिनिधित्व अभिषेक बनर्जी करते हैं। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और मंत्रियों ने शर्मा की ओर से उठाए गए कदमों का विरोध करते हुए आरोप लगाया कि वह अपनी भूमिका से बाहर जाकर काम कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा, "मीडिया ने उन्हें 'एनकाउंटर स्पेशलिस्ट' नाम दिया है। हमें आश्चर्य है कि एक ऐसे पुलिस अधिकारी यहां क्या कर रहे हैं? क्या वह रात में किसी के आवास पर जाकर धमकी दे सकते हैं? क्या उन्हें बिना किसी सबूत के लोगों को गिरफ्तार करने का काम सौंपा गया है?" उन्होंने कहा, "हम ऐसी कार्रवाइयों की निंदा करते हैं। ऐसा लगता है कि उन्हें किसी न किसी बहाने से शांति भंग करने के लिए लाया गया है?" एक अन्य मंत्री अरूप बिस्वास ने कहा, "पर्यवेक्षकों से तटस्थ रहने की उम्मीद की जाती है। संवैधानिक सीमाओं से परे काम करने या किसी विशेष पार्टी को निशाना बनाने के किसी भी प्रयास को कानूनी रूप से चुनौती दी जाएगी।"

### यूपी पंचायत चुनाव में देरी होने पर सामने आने लगी अनोखी मांग, राजभर बोले– सीएम योगी का होगा फाइनल फैसला

लखनऊ। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव समय पर नहीं हो पाने की



तस्वीर साफ होते ही पंचायत प्रतिनिधियों की बेचौनी बढ़ गई है। मंगलवार को योजनाओं की जानकारी देने के लिए आयोजित क्षेत्र पंचायत प्रमुखों कार्यशाला पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल बढ़ाने का अखाड़ा नजर आया। जिसके बाद मंच से पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखा जाएगा। पूरी कोशिश होगी कि सरकार कार्यकाल बढ़ाने पर राजी हो जाए। अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री को करना है।

## पीएसए के तहत हिरासत रद्द किये जाने के बाद कठुआ जेल से बाहर आये मेहराज मलिक, समर्थकों ने मनाया जश्न

आम आदमी पार्टी के विधायक मेहराज मलिक की लोक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत जम्मू–कश्मीर उच्च न्यायालय द्वारा रद्द किए जाने के बाद उन्हें आज कठुआ जेल से रिहा कर दिया गया। रिहाई के बाद मेहराज मलिक ने कहा कि अब जब उन्हें रिहा कर दिया गया है, वह लोगों के मुद्दों को उठाना जारी रखेंगे। हम आपको बता दें कि मेहराज मलिक के खिलाफ डोडा जिला मजिस्ट्रेट द्वारा पिछले वर्ष आठ सितंबर को जारी किए गए हिरासत आदेश को न्यायमूर्ति मोहम्मद यूसुफ वानी ने रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति ने अधिकारियों को ''याचिकाकर्ता–बंदी को तत्काल रिहा करने का निर्देश दिया था। मलिक के अधिवक्ता एवं आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता अप्पू सिंह सलाथिया ने पत्रकारों से कहा, ''सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद आज सुबह जेल प्राधिकारियों ने मलिक को



रिहा कर दिया।'' उधर, आम आदमी पार्टी नेता की रिहाई के लिए सुबह कठुआ जेल के द्वार खुलते ही दर्जनों लोगों ने उनके समर्थन में नारेबाजी की, ढोल की थाप पर नृत्य किया और उन्हें फूलों की माला पहनाई। उन्होंने जेल से रिहा होने के बाद कहा कि वह लोगों के हक के लिए लड़ाई जारी रखेंगे। मेहराज मलिक ने पत्रकारों से कहा, ''अब मैं जेल से बाहर आ गया हूं। मुझे न्याय दिलाने के लिए मैं न्यायपालिका का अभार व्यक्त करता हूं। मैं लोगों की समस्याएं उठाता रहूंगा।'' हम आपको याद दिला दें कि मेहराज मलिक को पिछले साल सितंबर में सार्वजनिक व्यवस्था बिगाड़ने के आरोप में पीएसए के तहत हिरासत में लिया गया था तथा बाद में उन्हें कठुआ जेल में रखा गया था। उन्होंने 24 सितंबर को उच्च न्यायालय में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर अपनी हिरासत को चुनौती दी और मुआवजे के तौर पर पांच करोड़ रुपये की मांग की थी।

## हिमंत सरमा का ममता पर तीखा हमला, आपका बयान खतरनाक–सांप्रदायिक है

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को विधानसभा चुनावों के दूसरे चरण की वोटिंग से पहले, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर ष्बांटने वाला और सांप्रदायिकष् बयान देने का आरोप लगाया। एक एक्स पोस्ट में हिमंत बिस्वा सरमा ने ममता बनर्जी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि उन्होंने एक खास समुदाय से डर होने का इशारा किया है। टीएमसी पर हमला बोलते हुए, असम के मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल को ष्तुष्टीकरण की प्रयोगशालाष् कहा। सरमा ने लिखा



कि बंगाल को बचाने की जरूरत है, अभी! ममता दीदी का यह बयान कि बंगाल के हिंदू एक खास समुदाय से सिर्फ इसलिए सुरक्षित हैं क्योंकि वह मुख्यमंत्री हैं, न सिर्फ परेशान करने वाला है – बल्कि यह पूरी तरह से खतरनाक, बांटने वाला और सांप्रदायिक है। एक मौजूदा मुख्यमंत्री का यह दावा करना कि लोग सिर्फ उनकी वजह से सुरक्षित हैं और एक समुदाय से डर होने का इशारा करना, शासन की पूरी तरह से विफलता है और यह बंगाल की जमीनी हकीकत को दिखाता है कि कैसे आबादी में बदलाव ने उस जमीन को निगल लिया है जो कभी सोनार बांग्ला थी।

# हाई स्कूल के मेधावी पुरस्कृत, साईकिल, के साथ शैक्षणिक सामग्री देकर बढाया हौसला

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। यूपी बोर्ड के हाई स्कूल परीक्षा परिणामों में




ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किया है। साऊंघाट विकास खण्ड क्षेत्र के छपिया लुटावन में एस.आर.ए. पब्लिक स्कूल के प्रबंधक पवन कुमार वर्मा, प्रधानाचार्य संध्या ठाकुर, ग्राम प्रधान विनय अम्बेडकर और शिक्षकों ने मेधावी छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढाया। प्रबंधक पवन कुमार वर्मा ने बताया कि हाई स्कूल के परीक्षा परिणामों में गणित में 99 प्रतिशत और कुल 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा मोनी गुप्ता को साईकिल, ट्राफी, पुस्तक, स्कूल बैग देकर पुरस्कृत किया गया। 84 प्रतिशत अंक पाने वाले प्रिन्स और 83 प्रतिशत अंक पानी वाली सलोनी को स्कूल बैग, ट्राफी, और शैक्षणिक सामग्री देकर उत्साहर्धन किया गया। इसके पूर्व केक काटकर सफलता की खुशियों को साझा किया गया। प्रबंधक पवन कुमार वर्मा ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के बावजूद बेहतर शिक्षा देने के लिये एस.आर.ए. पब्लिक स्कूल संकल्पित है। उन्होने सफलता का श्रेय छात्रों के परिश्रम, शिक्षकों के योगदान और अभिभावकों के सहयोग को दिया। ग्राम प्रधान विनय अम्बेडकर ने मेधावी छात्रों का उत्साह बढाते हुये कहा कि शिक्षा ही वह पूंजी है जिससे सब कुछ हासिल किया जा सकता है। प्रधानाचार्य संध्या ठाकुर ने अभिभावकों को बताया कि प्रवेश जारी है और स्कूल में बेहतर शिक्षा के सभी संसाधन उपलब्ध है। कार्यक्रम में लाल बिहारी गुप्ता, राजीव गुप्ता, जगदीश कुमार, पवन कुमार, निकलेश कुमारी, पूजा मिश्रा, प्रमिला कुमारी, लकी पाण्डेय, मधू, किरन, अजय कुमार, सरिता के साथ ही शिक्षक, छात्र और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में ठेला व्यवसायी की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़; समाजसेवियों ने बढ़ाया मदद का हाथ



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली/महराजगंज। आदर्श नगर पंचायत सोनौली के वार्ड नंबर 12 स्थित जगन्नाथ गली निवासी लगभग 30 वर्षीय अमित कौशल की हाल ही में एक सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मृत्यु हो गई। इस घटना से पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई और छोटे–बड़े सभी व्यापारियों की आंखें नम हो गईं। अमित कौशल कस्बे के एक चौराहे पर चाट और पानीपुरी का ठेला लगाकर अपने परिवार का भरण–पोषण करते थे। उनकी अचानक मौत के बाद पत्नी ममता कौशल और तीन छोटे बच्चे पूरी तरह बेसहारा हो गए हैं। परिवार के सामने अब रोजी–रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। इस कठिन समय में सोनौली के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी, उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल युवा अध्यक्ष नीरज जायसवाल ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए अपने सहयोगियों के साथ मृतक के घर पहुंचकर परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने मृतक की पत्नी को 11,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की और आगे भी हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। नीरज जायसवाल ने कहा कि समाज के हर व्यक्ति का दायित्व है कि वह ऐसे दुख की घड़ी में जरूरतमंद परिवारों के साथ खड़ा हो। उन्होंने अन्य लोगों से भी अपील की कि वे इस परिवार की सहायता के लिए आगे आएं। इस दौरान रवि वर्मा (मनोनीत सभासद), मनोज रौनियार, जितेंद्र वर्मा, बिन्नू खान, गुरु प्रसाद मद्धेशिया, सनी गुप्ता, सागर विश्वकर्मा, हरिनारायण लोधी, लोकेंद्र जायसवाल, राज वर्मा, अंजनी जायसवाल सहित दर्जनों व्यापारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# पहले आओ, पहले खरीफ का बीज पाओ

जौनपुर। उप कृषि निदेशक ने जनपद में विभागीय पोर्टल पर पंजीकृत कृषकों को अवगत कराया है कि कृषि विभाग द्वारा जनपद में खरीफ सत्र में बीज वितरण हेतु संचालित समस्त योजनाओं में सामान्य बीज, मिनीकिट, प्रमाणित बीज एवं संकर बीज आदि की उपलब्धता कृषकों को कराये जाने हेतु ''पहले आओ–पहले पाओ'' के सिद्धान्त पर बुकिंग कराते हुए ई–लाटरी के माध्यम से कृषकों को उपलब्ध कराये जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके क्रम में जनपद के निर्धारित लक्ष्य को विभागीय निर्देशानुसार पोर्टल पर विकास खण्डवार अंकित कर दिया गया है। जहॉ से कृषक अपनी आवश्यकतानुसार आवश्यक बीज की बुकिंग कर सकते हैं, बीज वितरण हेतु कृषकों का चयन ई–लाटरी के माध्यम से किया जायेगा। उक्त के क्रम में शासन के निर्देशानुसार समस्त प्रकार के बीजों की बुकिंग हेतु विभागीय पोर्टल पर 22 अप्रैल से कट ऑफ तिथि दिनांक 10 मई तक खुला रहेगा। अनुदान पर सामान्य बीज, मिनीकिट, प्रमाणित बीज एवं संकर बीज प्राप्त करने हेतु इच्छुक कृषक उक्त पोर्टल के यू0आर0एल0 के माध्यम से आनलाइन निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण करते हुए टोकन की बुकिंग कर लाभ प्राप्त कर सकते है।

# गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत दबंग व्यक्ति छह माह के लिए जिलाबदर

लखनऊ । पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के अंतर्गत थाना ठाकुरगंज क्षेत्र के एक मनबढ़ एवं दबंग व्यक्ति को उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम–1970 के तहत छह माह के लिए लखनऊ की सीमा से निष्कासित (जिलाबदर) करने का आदेश पारित किया गया है।पुलिस आयुक्त न्यायालय, लखनऊ में लोक शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से वाद संख्या 62(13)/2026 की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान विपक्षी द्वारा प्रस्तुत तथ्यों को सुना गया। राज्य की ओर से उपस्थित संयुक्त निदेशक अभियोजन अवधेश कुमार सिंह ने अपने तर्कों के माध्यम से विपक्षी को लखनऊ की सीमा से निष्कासित किया जाना उचित बताया।न्यायालय ने संयुक्त निदेशक अभियोजन द्वारा प्रस्तुत तर्कों एवं पत्रावली में उपलब्ध अभिलेखों का परीक्षण करने के बाद 27 अप्रैल 2026 को खुले न्यायालय में आदेश पारित किया। आदेश के तहत विपक्षी को गुण्डा घोषित करते हुए उसके आपराधिक कृत्यों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से उसे लखनऊ की सीमा से छह माह के लिए निष्कासित (जिलाबदर) कर दिया गया।पुलिस के अनुसार जिलाबदर किया गया व्यक्ति परवेज उर्फ मुन्ना (36 वर्ष) पुत्र पुत्तन खान, निवासी डूडा कॉलोनी राधाग्राम थाना ठाकुरगंज क्षेत्र का रहने वाला है। उसके विरुद्ध पूर्व में थाना वजीरगंज एवं थाना ठाकुरगंज में मारपीट एवं अन्य गंभीर धाराओं में एक से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार की कार्यवाही का उद्देश्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है।

# नहीं रहे वयोवृद्ध अधिवक्ता तुलसी राम

जौनपुर। नगर के अहमद खां मण्डी निवासी वयोवृद्ध वरिष्ठ अधिवक्ता तुलसी राम पुत्र बसन्त लाल अग्रहरि का निधन हो गया। वे 95 वर्ष के थे और उनका अन्तिम सम्मान पूरे नागरिक सम्मान के साथ राम घाट पर किया गया । वयोवृद्ध अधिवक्ता पूरी तरह से स्वस्थ्य थे और नास्ता तथा फल खाने खाने के बाद बिना किसी तकलीफ के उनके प्राण पखेरू उड़ गये। एक दिन भी चारपाई नहीं रहे और अस्पताल भी अन्तिम समय में नहीं गये। उनके निधन की खबर सुनकर समाज के विभिन्न वर्ग के लोग उनके घर पर षोक व्यक्त करने के लिए एकत्रित हो गया। उनकी षव यात्रा में बड़ी संख्या में लोग चल रहे थे। मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र प्रियतेष कुमार अग्रहरि ने दिया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये है।

# प्रेमचंद का नाटक सुभागी का मंचन, दर्शकों ने सराहा

प्रयागराज। वाल्मीकि रंगशाला में मुंशी प्रेमचंद लिखित नाटक सुभागी का मंचन किया गया। नाटक का निर्देशन अविनाश कुमार ने किया। सुभागी प्रेमचंद की कालजयी रचनाओं में से एक है जो ग्रामीण जीवन, स्त्री संघर्ष और सामाजिक विडंबनाओं को उकेरती है। नाटक की नायिका सुभागी जो विधवा है के जीवन के उतार–चढ़ाव, लोगो के अत्याचार और समाज की रूढ़ियों से जूझते हुए उसके आत्मसम्मान की लड़ाई को मंच पर बेहद प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। नाटक में कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय से प्रेमचंद के पात्रों को जीवंत कर दिया। संवादों की मार्मिकता और ग्रामीण परिवेश के सटीक चित्रण ने दर्शकों को बांधे रखा। निर्देशक अविनाश कुमार ने नाटक के माध्यम से आज भी प्रासंगिक स्त्री–अस्मिता और सामाजिक न्याय के सवालों को दर्शकों के सामने रखा। मंचन के अंत में दर्शकों ने खड़े होकर कलाकारों और निर्देशक की सराहना की।

## वाहनों संख्या बढ़ी , पार्किंग का इन्तजाम नहीं

जौनपुर । वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण पार्किंग की समस्या गंभीर हो गई है। जिले में चार लाख से अधिक पंजीकृत वाहन हैं, लेकिन पिछले 15 वर्षों से नगर में पार्किंग के लिए कोई उपयुक्त स्थान नहीं मिल पाया है। पार्किंग की समस्या को देखते हुए, पहले शाही किले के पास वाहनों को खड़ा करने के लिए एक स्थान तय किया गया था। हालांकि, व्यावसायिक और अन्य वाहन चालकों ने इसका उपयोग नहीं किया। वर्तमान में इस जगह पर रेहड़ी–पटरी और फास्ट फूड दुकानदारों का कब्जा हो गया है। रोजाना तहसीलों और कस्बों से बड़ी संख्या में लोग अपने विभिन्न कार्यों के लिए जिला मुख्यालय आते हैं। पार्किंग की सुविधा न होने के कारण उन्हें वाहनों को खड़ा करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।दोपहर में स्कूलों की छुट्टी होने पर नगर की सभी सड़कों पर भीषण जाम लग जाता है। एक साथ कई बसों के प्रवेश से यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है।इस जाम का सर्वाधिक प्रभाव सद्भावना मोड़ से कचहरी और ओलंदगंज जाने वाले मार्गों पर देखा जाता है। ये मार्ग एकल होने के बावजूद दोनों तरफ से वाहनों की आवाजाही के कारण यातायात धीमा हो जाता है और वाहन रेंगते हुए आगे बढ़ते हैं।

# आधार कार्ड वितरण में अवैध वसूली का मामला उजागर, शाखा डाकपाल पर कार्रवाई के निर्देश



भारतीय डाक विभाग
कार्यालय- अधीक्षक डाकघर बहराइच मण्डल बहराइच-271801

सेवा में,

श्री फिरोज अहमद
ग्राम– कन्दैला खास
तहसील– कैसरगंज जनपद– बहराइच
पिनकोड– 271903
मो0 न0 –6393294967

पत्रांक:-CR/PG Portal/12/2026 — बहराइच दिनांक 23.04.2026

विषय: - पीजी पोर्टल परिवाद संख्या DPOST/E/2026/0016334 दिनांक 15.04.2026 के निस्तारण के सम्बन्ध में।

****************************************************

विषयांकित मामले में अवगत कराना है कि आप द्वारा की गयी शिकायत की जांच निरीक्षक डाकघर कैसरगंज उपमंडल, बहराइच द्वारा करायी गयी। जांच आख्या के अनुसार पाया गया कि श्रीमती रेखा शाखा डाकपाल कन्दैला खास एवं उनके पति द्वारा बीच वाली मस्जिद के पास अहद के घर के बगल वाले घर में बैठकर आधार जो साधारण डाक से प्राप्त है का वितरण किया जा रहा था। आधार कार्ड अधिक संख्या में थे जो काफी दिनों से वितरित नहीं हुए थे। श्रीमती रेखा एवं उनके पति श्री अंकित द्वारा लोगों से पैसों की मांग की जा रही थी साथ ही लोगों से पैसे लिए भी गये थे जो श्री अंकित ने मेज से उठाकर शाखाडाकपाल श्रीमती रेखा को दिया था। श्रीमती रेखा के पति श्री अंकित द्वारा बयान देने से मना किया गया जिससे यह स्पष्ट है कि वह शाखा डाकपाल श्रीमती रेखा के लिए आधार कार्ड वितरण पर अवैध वसूली कर रहे थे और उनको अपने बचाव में कहने के लिए कुछ भी नहीं है। उक्त श्रीमती रेखा बीपीएम कंदैला खास ले0का0 जरवल कैसरगंज उपमंडल, बहराइच द्वारा नियमविरुद्ध कार्य किया गया जिसके लिए उनके विरुद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

अधीक्षक डाकघर
बहराइच मण्डल बहराइच -271801

1- पोस्टमास्टर जनरल गोरखपुर क्षेत्र, गोरखपुर को पीजी पोर्टल परिवाद संख्या DPOST/E/2026/0016334 दिनांक 15.04.2026 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

अधीक्षक डाकघर
बहराइच मण्डल बहराइच-271801

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। भारतीय डाक विभाग के बहराइच मंडल में आधार कार्ड वितरण को लेकर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। पीजी पोर्टल पर दर्ज शिकायत की जांच के बाद विभाग ने संबंधित शाखा डाकपाल के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, कैसरगंज उपमंडल के अंतर्गत ग्राम कंदेला खास में शाखा डाकपाल रेखा एवं उनके पति द्वारा आधार कार्ड वितरण के नाम पर लोगों से पैसे वसूले जाने की शिकायत की गई थी। शिकायतकर्ता फिरोज अहमद ने इस संबंध में पीजी पोर्टल पर प्रकरण दर्ज कराया था। जांच अधिकारी द्वारा की गई जांच में पाया गया कि संबंधित शाखा डाकपाल द्वारा आधार कार्डों का वितरण नियमित रूप से नहीं किया जा रहा था और बड़ी संख्या में कार्ड लंबित थे। आरोप है कि वितरण के दौरान लोगों से अवैध रूप से धन की मांग की जा रही थी। जांच में यह भी सामने आया कि वसूले गए पैसे को उनके पति द्वारा संभाला जा रहा था। विभागीय जांच में प्रथम .ष्टया आरोप सही पाए जाने पर अधीक्षक डाकघर, बहराइच मंडल ने मामले को गंभीर मानते हुए रेखा के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रकरण की सूचना पोस्टमास्टर जनरल गोरखपुर क्षेत्र को भी अग्रेषित कर दी गई है, ताकि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस घटना के सामने आने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और लोगों ने डाक विभाग से पारदर्शिता एवं सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# भकुराहिया पुल पर तेज रतार का कहर, बाइक सवार युवक गंभीर

दैनिक बुद्ध का संदेश

श्रावस्ती। थाना क्षेत्र इकौना के अंतर्गत मंगलवार सुबह भकुराहिया पुल के पास तेज रतार का कहर देखने को मिला, जहां अनियंत्रित बाइक के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार कैलाशपुर निवासी दिलीप कुमार मंगलवार सुबह बाइक से पनीर लेकर रिश्तेदारी जा रहे थे। जैसे ही वह इकौना–सीताद्वार मार्ग स्थित भकुराहिया पुल के समीप पहुंचे, अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और तेज रतार में पुल से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों और परिजनों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए युवक को जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया। एंबुलेंस संख्या न्च 32थ्ळ 2589 से इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन अरुण कुमार विश्वकर्मा एवं पायलट नंदकुमार मौर्य ने तत्परता और सतर्कता के साथ घायल को सुरक्षित जिला अस्पताल पहुंचाया। ग्रामीण क्षेत्रों में जीवनदायिनी बन रही ।ैस् सेवा स्थानीय लोगों का कहना है कि एडवांस लाइफ सपोर्ट (।ैस्) एंबुलेंस सेवाएं अब ग्रामीण इलाकों में भी गंभीर मरीजों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही हैं। समय पर चिकित्सा सुविधा मिलने से कई जिंदगियां बचाई जा रही है।




## मालदा टाउन-आनंद विहार के बीच चलेगी ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन

प्रयागराज। भीषण गर्मी के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने और उनकी यात्रा को सुगम बनाने के उद्देश्य से रेल प्रशासन ने गाड़ी संख्या 03435/03436 मालदा टाउन–आनंद विहार टर्मिनस– मालदा टाउन के बीच ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी चलाने की घोषणा की है। यह विशेष गाड़ी कुल 09 फेरों के लिए संचालित की जाएगी। गाड़ी संख्या 03435 मालदा टाउन से हर (04, 11, 18, 25 मई और 01, 08, 15, 22, 29 जून को) सुबह 09रू30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन दोपहर 13रू40 बजे आनंद विहार टर्मिनस पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 03436 आनंद विहार टर्मिनस से हर मंगलवार को (05, 12, 19, 26 मई और 02, 09, 16, 23, 30 जून को) दोपहर 14रू50 बजे प्रस्थान करेगी और बुधवार रात 22रू30 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी। ट्रेन में कुल 21 कोच लगाए गए हैं। इसमें एसी द्वितीय श्रेणी के 02, एसी तृतीय श्रेणी के 06, स्लीपर श्रेणी के 07, सामान्य श्रेणी के 04, एसएलआरध्डी का 01, एसएलआर का 01 और एक पैंट्री कार शामिल है, जिससे लंबी यात्रा में यात्रियों को खान–पान की सुविधा सुलभ होगी। यह ट्रेन अपनी यात्रा के दौरान न्यू फरक्का, बरहरवा, साहिबगंज, भागलपुर, जमालपुर, क्यूल, गया, डीडीयू (पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन) जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रुकेगी। प्रयागराज जंक्शन पर गाड़ी संख्या 03435 मंगलवार रात 01रू50 बजे पहुंचेगी और 01:55 बजे रवाना होगी, वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 03436 प्रयागराज जंक्शन पर बुधवार तड़के 03रू00 बजे आकर 03:05 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसके अलावा ट्रेन का ठहराव गोविंदपुरी, टूंडला जंक्शन आदि प्रमुख स्टेशनों पर भी निर्धारित किया गया है।

**कार्यालय : ग्राम पंचायत- बनघुसरी, वि.ख.- हैरैया सतघरवा, जनपद- बलरामपुर**

**निविदा/आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत– **बनघुसरी** विकसित भारत गारन्टी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) VB-G RAM G/पंचम वित्त/सष्ठम वित्त/15 वां/16 वां वित्त/स्वच्छ भारत निशन/केन्द्रीय वित्त आयोग विधायक निधि/सांसद निधि/आगनबाड़ी/सामुदायिक शौचालय/प्राथमिक विद्यालय पर शौचालय/पंचायत भवन/अन्त्योष्टि स्थल विकास निर्माण कार्य/छठ पूजा घाट/खेल मैदान/वाटर सप्लाई एवं अन्य निधि के अनतर्गत वर्ष 2026–27 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट इन्टरलाकिंग, ईट, ईट टुकड़ा, महीन बालू, सिमेंट, मोरंग, जेसीबी, ट्रैक्टर टॉली किराये पर, बालू व वर्मी कम्पोस्ट एवं हयूम पाईप सरिया, पेन्ट, वांयरिंग, पत्थर गिटी, सोलर लाईट स्ट्रीट लाईट ठेला कुदाल झाडू ब्लीचिंग पाउडर चूना कूड़ादान फांगिग मशीन झाड़ी झंखाड़ कटाई/नाली सफाई एवं कूड़ा निस्तारण कार्य एस०एल०डब्लू०एम०/ई०बी०आर० के तहत प्लास्टिक बैग, गणक स्थायी कचरा समाग्री इण्डिया मार्का–2 हैण्ड पम्प रिबोर/मरम्मत ईट की गिट्टी इत्यादि सामाग्री से सम्बन्धित आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म ईट भटठा मालिक/आपूर्ति कर्ता दिनांक 29/04/2026 को 10 बजे तक आपूर्ति हेतू निविदा दर पर एवं वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत **बनघुसरी** के निविदा बाक्स में डाल सकते है। निविदा दिनांक 29/04/2026 को अपराहन 05 बजे तक गठित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताए पूर्ण की जायेगी। धरोहर की धन राशि 2000 रु० होगी। **नियम व शर्त** :– 1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगॉ उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा। 2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा। 3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी। 5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ध्कर प्रस्तुत की जाये। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी। 7. सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा। 8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.डी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.डी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।,निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 10.स्वीकृति आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **बनघुसरी** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **बनघुसरी** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/– रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।

**श्रीमती गुड़िया**
**ग्राम प्रधान/अध्यक्ष**
**ग्राम पंचायत–बनघुसरी**
**वि.ख. – हरैया सतघरवा**

**श्री दिव्यांशु सिंह**
**ग्राम विकास अधिकारी/सचिव**
**ग्राम पंचायत–बनघुसरी**
**वि.ख. – हरैया सतघरवा**

**कार्यालय : ग्राम पंचायत- लक्ष्मनपुर खैरहनिया, वि.ख.- हैरैया सतघरवा, जनपद- बलरामपुर**

**निविदा/आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत– **लक्ष्मनपुर खैरहनिया** विकसित भारत गारन्टी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) VB-G RAM G/पंचम वित्त/सष्ठम वित्त/15 वां/16 वां वित्त/स्वच्छ भारत निशन/केन्द्रीय वित्त आयोग विधायक निधि/सांसद निधि/आगनबाड़ी/सामुदायिक शौचालय/प्राथमिक विद्यालय पर शौचालय/पंचायत भवन/अन्त्योष्टि स्थल विकास निर्माण कार्य/छठ पूजा घाट/खेल मैदान/वाटर सप्लाई एवं अन्य निधि के अनतर्गत वर्ष 2026–27 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट इन्टरलाकिंग, ईट, ईट टुकड़ा, महीन बालू, सिमेंट, मोरंग, जेसीबी, ट्रैक्टर टॉली किराये पर, बालू व वर्मी कम्पोस्ट एवं हयूम पाईप सरिया, पेन्ट, वांयरिंग, पत्थर गिटी, सोलर लाईट स्ट्रीट लाईट ठेला कुदाल झाडू ब्लीचिंग पाउडर चूना कूड़ादान फांगिग मशीन झाड़ी झंखाड़ कटाई/नाली सफाई एवं कूड़ा निस्तारण कार्य एस०एल०डब्लू०एम०/ई०बी०आर० के तहत प्लास्टिक बैग, गणक स्थायी कचरा समाग्री इण्डिया मार्का–2 हैण्ड पम्प रिबोर/मरम्मत ईट की गिट्टी इत्यादि सामाग्री से सम्बन्धित आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म ईट भटठा मालिक/आपूर्ति कर्ता दिनांक 29/04/2026 को 11 बजे तक आपूर्ति हेतू निविदा दर पर एवं वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत **लक्ष्मनपुर खैरहनिया** के निविदा बाक्स में डाल सकते है। निविदा दिनांक 29/04/2026 को अपराहन 05 बजे तक गठित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताए पूर्ण की जायेगी। धरोहर की धन राशि 2000 रु० होगी। **नियम व शर्त** :– 1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगॉ उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा। 2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा। 3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी। 5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ध्कर प्रस्तुत की जाये। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी। 7. सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा। 8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.डी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.डी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।,निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 10.स्वीकृति आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **लक्ष्मनपुर खैरहनिया** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **लक्ष्मनपुर खैरहनिया** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/– रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।

**ननकू**
**ग्राम प्रधान/अध्यक्ष**
**ग्राम पंचायत–लक्ष्मनपुर खैरहनिया**
**वि.ख. – हरैया सतघरवा**

**शिव प्रकाश मिश्रा**
**ग्राम विकास अधिकारी/सचिव**
**ग्राम पंचायत–लक्ष्मनपुर खैरहनिया**
**वि.ख. – हरैया सतघरवा**

# विद्यालय निरीक्षण में खामियां मिलने पर जिलाधिकारी सख्त, शिक्षकों का वेतन काटने के निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने विकास खंड मिठवल के प्राथमिक विद्यालय असनहरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षिक व व्यवस्थागत स्थिति संतोषजनक न मिलने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी दी। निरीक्षण के समय विद्यालय में छात्र–छात्राओं की उपस्थिति काफी कम पाई गई, जिसे जिलाधिकारी ने गंभीर लापरवाही माना। उन्होंने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति अनिवार्य है। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक गणेश कुमार मिश्रा और शिक्षा मित्र विजय प्रताप अनुपस्थित पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने दोनों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए और भविष्य में बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। विद्यालय में कुछ छात्र बिना यूनिफॉर्म के मिले और मिड डे




मील योजना भी संचालित नहीं पाई गई। अभिलेख मांगे जाने पर सहायक अध्यापक विशाल कुमार श्रीवास्तव और ज्योत्सना तिवारी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर दोनों का भी एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। साथ ही मिड डे मील योजना को नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण में पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने और परिसर में गंदगी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी शिक्षकों व कर्मचारियों को अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने की हिदायत दी, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिल सके।

# मुख्य मार्ग किनारे अवैध कब्जों से बढ़ी चिंता, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी / सिद्धार्थनगर। नगर पालिका बांसी क्षेत्र में मुख्य मार्ग किनारे सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जों को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। रामगढ़ क्षेत्र में स्थित गाटा



संख्या 178 की भूमि, जो बांसी–बस्ती मुख्य मार्ग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित है, इन दिनों अतिक्रमण का शिकार होती नजर आ रही है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, इस कीमती सरकारी जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर मकान निर्माण तक कर लिया है। बताया जाता है कि रामगढ़ ताल की यह भूमि काफी विस्तृत है, लेकिन वर्तमान में इसका बड़ा हिस्सा अवैध निर्माण की चपेट में आ गया है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि मामला तहसील प्रशासन और नगर पालिका के संज्ञान में होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। प्रशासन की यह चुप्पी लोगों के बीच असंतोष और चर्चा का विषय बनी हुई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि पुरबौला गांव से बाढ़ और बरसाती पानी की निकासी के लिए बनाए गए पुल के सामने तक लोगों ने दीवार खड़ी कर दी है, जिससे मार्ग अवरुद्ध हो रहा है। साथ ही, अवैध निर्माण के चलते जल निकासी व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है, जिससे आने वाले समय में जलभराव की समस्या गंभीर रूप ले सकती है। लोगों ने सवाल उठाया है कि जब अतिक्रमण खुलेआम किया जा रहा है, तो संबंधित विभाग कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो स्थिति और भी विकट हो सकती है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर कब तक चुप्पी साधे रहता है और क्या अतिक्रमण के खिलाफ कोई ठोस कदम उठाया जाता है या नहीं।

# अनुप्रिया पटेल के जन्मदिवस पर भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने दी शुभकामनाएं

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़ / सिद्धार्थनगर। भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने केंद्रीय राज्य मंत्री एवं अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष



अनुप्रिया पटेल को उनके जन्मदिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्याम जायसवाल ने अपने संदेश में कहा कि अनुप्रिया पटेल का राजनीतिक नेतृत्व जनसेवा और सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि उनके प्रयासों से समाज के विभिन्न वर्गों को लाभ मिला है और वे निरंतर विकास व जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अनुप्रिया पटेल का योगदान सराहनीय है। उनके नेतृत्व में समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है, जो प्रशंसनीय है। श्याम जायसवाल ने ईश्वर से उनकी उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे इसी तरह देश और समाज की सेवा करती रहें।

# भारत गैस एजेंसी में बड़ी चोरी, गोदाम के ताले तोड़कर ले उड़े सिलेंडर

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिले में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़ा कर दिया है। ताजा मामला खेसरहा थाना क्षेत्र का है, जहां स्थित दीनदयाल भारत गैस एजेंसी के गोदाम में चोरों ने धावा बोलकर दर्जनों सिलिंडर उड़ा लिए। एजेंसी के प्रबंधक अमर कुमार जायसवाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह 23 अप्रैल 2026 की शाम को एजेंसी बंद करके गए थे। 24 अप्रैल की सुबह जब एजेंसी स्टाफ सुनील ने फोन पर सूचना दी, तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे। वहां जाकर देखा तो एजेंसी के गोदाम के दोनों ताले टूटे हुए थे। जांच करने पर पता चला कि गोदाम से 32 भरे हुए सिलिंडर गायब थे। घटना के दौरान एजेंसी के कर्मचारियों ने मौके से ही एक व्यक्ति, संदीप धोबी (निवासी – जुरबकी, थाना बृजमनगंज, जिला महराजगंज), को एक भरे हुए सिलिंडर के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया। साथ ही, एजेंसी परिसर से चार खाली सिलिंडर भी बाहर बरामद किए गए। प्रबंधक का आरोप है कि चोर गोदाम से कुल 32 भरे हुए सिलिंडर और 4 खाली सिलिंडर ले गए हैं। पीड़ित प्रबंधक ने खेसरहा पुलिस को तहरीर देकर मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज करने और दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। घटना के बाद से क्षेत्र के व्यापारियों और एजेंसी संचालकों में दहशत का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# एनएच पर दिनदहाड़े झपटमारी, महिला का मंगलसूत्र छीनकर भागे बदमाश

दैनिक बुद्ध का संदेश

चिल्हिया / सिद्धार्थनगर। चिल्हिया थाना क्षेत्र में नेशनल



हाईवे पर सोमवार शाम एक महिला से झपटमारी की घटना सामने आई है। बाइक सवार दो अज्ञात बदमाश मुंह बांधकर आए और महिला के गले से सोने का लॉकेट छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, ग्राम सेमरियावां निवासी उर्मिला पत्नी विजय कुमार 27 अप्रैल 2026 की शाम करीब 6:10 बजे पैदल घर जा रही थीं। वह कंचनपुर–चिल्हिया मार्ग पर कचिया चौराहा के पास पहुंची ही थीं कि पीछे से आए मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने अचानक झपट्टा मार दिया। बदमाशों ने महिला के गले से सोने का लॉकेट तोड़ लिया और तेज रफ्तार से धनगढ़ा की ओर भाग निकले। घटना के समय महिला ने शोर मचाया, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। वारदात मुख्य सड़क पर होने से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। इस मामले में चिल्हिया थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 304(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश किया जाएगा। वहीं, स्थानीय लोगों ने हाईवे पर बढ़ती झपटमारी की घटनाओं को लेकर पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# सीओ ने शोहरतगढ़ कस्बे में किया पैदल गश्त

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़ / सिद्धार्थनगर। कानून–व्यवस्था को सुदृढ़



बनाए रखने के उद्देश्य से मंगलवार को क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी ने प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह व पुलिस बल के साथ कस्बे में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने खुनुवा बाईपास तिराहा, मुख्य बाजार सहित भीड़भाड़ वाले स्थानों और संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीओ ने आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की। क्षेत्राधिकारी ने प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि कानून–व्यवस्था से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए और हर स्थिति पर पैनी नजर रखी जाए। उन्होंने पुलिस कर्मियों को नियमित गश्त बढ़ाने और संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग करने के निर्देश भी दिए। पुलिस टीम ने दुकानदारों और स्थानीय लोगों से भी बातचीत कर सुरक्षा संबंधी फीडबैक लिया। साथ ही सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना को समय रहते रोका जा सके। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है और हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। गश्त के दौरान क्राइम इंस्पेक्टर सुभाष यादव, कांस्टेबल दिनेश यादव, प्रभाकर यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# पटखौली खुर्द में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु, गूंजे जयकारे

दैनिक बुद्ध का संदेश

श्रावस्ती। ग्राम पटखौली खुर्द में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्री.ष्ण जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कथा के दौरान जैसे ही भगवान श्री.ष्ण के जन्म प्रसंग का वर्णन शुरू हुआ, पूरा पंडाल भक्तिमय माहौल में डूब गया और श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। मथुरा–वृंदावन



धाम से पधारी कथा वाचिका आचार्या दिव्या रामायणी जी ने श्री.ष्ण जन्म की कथा को मधुर एवं जीवंत शैली में प्रस्तुत किया। उनके भावपूर्ण वर्णन ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" के जयकारों से पूरा कथा स्थल गूंज उठा और वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया। यह आयोजन मुन्ना सिंह परिहार द्वारा धार्मिक चार धाम भारत यात्रा के पावन अवसर के उपरांत आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के सफल संचालन में एस.पी. सिंह परिहार, राजेश सिंह परिहार, राकेश सिंह परिहार, राहुल सिंह परिहार, अमित सिंह परिहार, सचिन सिंह परिहार, आदर्श सिंह परिहार, अंश सिंह परिहार एवं छोटू परिहार का विशेष योगदान रहा। कथा के दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। इनमें पंडित धरनी धर शास्त्री, पंडित वीरेंद्र शास्त्री, सामाजिक कार्यकर्ता विनय तिवारी, शिक्षक भगत सिंह (बलरामपुर), बी.एस. परिहार (यूपी हेड, ग्लोबल इंडिया टीवी) तथा पत्रकार शिव कुमार पाठक सहित कई सम्मानित नागरिक शामिल रहे। कार्यक्रम में गांव की महिलाओं, बच्चों और युवाओं की भी बड़ी संख्या में भागीदारी रही। पूरे आयोजन में भक्ति, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह आयोजन न केवल धार्मिक वातावरण को सशक्त करता है, बल्कि समाज में एकता और समरसता का भी संदेश देता है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में शोहरतगढ़ में निकली जनाक्रोश रैली

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़ / सिद्धार्थनगर। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भाजपा शोहरतगढ़ मंडल के बैनर तले मंगलवार को जनाक्रोश रैली निकाली गई। नगर पंचायत परिसर से शुरू हुई यह रैली कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए तिरंगा तिराहे पर समाप्त हुई। रैली में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लेकर अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। रैली के दौरान महिलाओं ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर सरकार के समर्थन और विपक्ष के विरोध में जोरदार नारेबाजी की। "महिलाओं के सम्मान में भाजपा मैदान में" और "इंडिया गठबंधन मुर्दाबाद" जैसे नारों से माहौल गूंजता रहा। रैली का संयोजन समाजसेवी रवि अग्रवाल ने किया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने विपक्षी दलों




पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब महिलाओं को अधिकार देने की बात आती है, तब वे विरोध की राजनीति करते हैं। मंडल अध्यक्ष शिवशक्ति शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके और समाजवादी पार्टी जैसे दलों ने इस कानून का विरोध कर महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय किया है। इस दौरान सीडीपीओ रविंद्र यादव, मंजू भारती, संध्या देवी, प्रियंका श्रीवास्तव, मीना देवी, बिंदू देवी, लक्ष्मी देवी, सुनीता देवी, माला देवी, ज्योति, अनीता, सुशीला, निशा, सीमा, चांदनी, रागिनी, पूजा देवी, रागिनी उपाध्याय, लीलावती देवी, सावित्री देवी, नंदिनी, प्रेमशीला त्रिपाठी, किरण गुप्ता, गीता देवी, उषा कन्नौजिया सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।

# अनुप्रिया पटेल के जन्मदिवस पर अनिल चौधरी ने दी बधाई

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़ / सिद्धार्थनगर। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्षा, केंद्रीय राज्य मंत्री व मिर्जापुर से सांसद अनुप्रिया पटेल के जन्मदिवस पर शोहरतगढ़ के युवा नेता एवं पार्टी के प्रदेश सचिव (शिक्षा मंच) अनिल चौधरी ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। अनिल चौधरी ने अपने संदेश में कहा कि अनुप्रिया पटेल का नेतृत्व देश और प्रदेश की राजनीति को सकारात्मक दिशा देने में अहम भूमिका निभा रहा है। उनके कुशल मार्गदर्शन में अपना दल (एस) जनहित से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठा रहा है और समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में अनुप्रिया पटेल का योगदान सराहनीय है। यही वजह है कि पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ–साथ आम जनता में



भी उनके प्रति विश्वास और सम्मान लगातार बढ़ रहा है। अनिल चौधरी ने ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर सफलता की कामना करते हुए कहा कि वे आगे भी इसी तरह देश व समाज की सेवा करती रहें। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भी सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों से अपनी नेता को जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कई स्थानों पर केक काटकर व जनसेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित कर जन्मदिवस मनाया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं ने संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प भी दोहराया।

# खेसरहा में जन आक्रोश महिला महासभा, विशाल रैली निकालकर महिलाओं ने उठाई आवाज

दैनिक बुद्ध का संदेश






खेसरहा। ब्लॉक क्षेत्र खेसरहा में जन आक्रोश महिला महासभा का आयोजन किया गया, जिसके तहत एक विशाल रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं और नागरिक शामिल हुए। यह रैली ब्लॉक प्रांगण से शुरू होकर अस्पताल गेट तिराहे से होते हुए पुनः ब्लॉक गेट पर आकर संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा विधायक राजा जय प्रताप सिंह रहे, जबकि संयोजक के रूप में प्रभास्कर राय ने कार्यक्रम का संचालन किया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि महिलाओं के प्रति हो रहे अत्याचार को समाप्त करने के लिए समाज को एकजुट होकर प्रयास करना होगा। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। इस अवसर पर अनुपमा सिंह, सुषमा मिश्रा, साधना यादव, बिंदु मिश्रा, आशा देवी, दिलीप चतुर्वेदी, दिवाकर मिश्रा, विजयकांत चतुर्वेदी, करमा प्रधान सुंदरम राय, भेडौहा प्रधान अजय राय, चंदन प्रिंस, नित्यानंद पांडे सहित भाजपा के खेसरहा मंडल के कार्यकर्ता एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभा के दौरान वक्ताओं ने महिलाओं से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से उठाया और कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं का जागरूक और सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने अपनी समस्याएं साझा करते हुए सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसरों की मांग की। वक्ताओं ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और क्षेत्र के कई लोग शामिल रहे। पूरा आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और अंत में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# निशुल्क प्याऊ का महापौर ने किया उद्घाटन

## नगर निगम के द्वारा निशुल्क पियाऊ जल की गई व्यवस्था

**गोरखपुर।** नगर निगम के द्वारा वार्ड संख्या 67 घंटाघर में दो जगह पर निशुल्क पियो जल का महापौर डॉक्टर मंगलेश श्रीवास्तव अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा स्थानीय पार्षद जियाउल इस्लाम ने फीता काटकर किया उद्घाटन।



महापौर डॉक्टर मंगलेश श्रीवास्तव ने बताया कि कि पूरे शहर में प्रचंड गर्मी पड़ रही है जिसको देखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा निशुल्क जल लगाने की व्यवस्था आज इस वार्ड में दो जगहों पर की गई है और नगर निगम प्रशासन द्वारा पूरे महानगर में डेढ़ सौ से अधिक जगहों पर निशुल्क पियाऊ जल की व्यवस्था की जा रही है लोगों से अपील है कि अपने साथ पानी की बोतल जरूर ले चलें कुछ जगह पर विकास कार्य चल रहे हैं जिसकी वजह से कुछ क्षेत्रों में गंदे पानी आ रहे हैं उनकी शिकायतों को जल्द ठीक कर लिया जाएगा। क्षेत्रीय पार्षद जियाउल इस्लाम ने बताया कि नगर निगम के द्वारा मेरे वार्ड में दो जगह पर निशुल्क पियाऊ जल जल का महापौर डॉक्टर मंगलेश श्रीवास्तव के द्वारा फीता काटकर किया गया शहर में भीषण गर्मी पड़ रही है जिसको देखते हुए हम लोगों के सुझाव पर नगर निगम प्रशासन द्वारा पेयजल की व्यवस्था की गई है जिससे राहगिरो को गर्मी में जल के लिए इध ार–उधर न भटकना पड़े।

# सम्पादकीय

**बीते साल मार्च में, शिवसेना कार्यकर्ताओं ने मुंबई के एक होटल में तब तोड़फोड़ की थी, जब महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पक्षद्रोही कहा था। निर्विवाद रूप से यदि व्यंग्य–विनोद पर पाबंदी लगायी जाती है और कलाकारों की स्वतंत्र अभिव्यक्ति को बाधित किया जाता है तो इसका प्रभाव सिर्फ एक शो को ही बाधित नहीं करता। बल्कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मूल ....**

## कॉमेडियनों को धमकाना निंदनीय कृत्य

आज सूचना क्रांति और सोशल मीडिया के दौर में पूरी दुनिया में गहरे तंज करती डिजिटल सामग्री का उफान है। जो दुनिया की भौगोलिक सीमाओं और सत्ता के शिकंजे से मुक्त होकर स्वतंत्र प्रवाह लिए हुए है। लेकिन इसके बावजूद देश में स्टैंडिंग कॉमेडियनों और व्यंग्यकारों के लिए राजनेताओं पर व्यंग्य करना तलवार की धार पर चलने जैसा बना हुआ है। 'नाक पर मक्खी न बैठने देने' वाले सत्तारूढ़ राजनेता कॉमेडियनों पर शिकंजा कसने को तैयार बैठे होते हैं। इसी कड़ी में हैदराबाद के कॉमेडियन शरत उदय के बेंगलुरु स्थित स्टैंड–अप शो में शनिवार को तेलुगु देशम पार्टी यानी टीडीपी के समर्थकों के एक समूह ने मंच पर आकर जो उत्पात मचाया, निस्संदेह वह दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। टीडीपी के समर्थकों ने मंच पर आकर उन्हें तेलुगु देशम पार्टी के नारे लगाने को बाध्य किया। इस हुड़दंग से यह कार्यक्रम बाधित हो गया। इसके चलते न केवल उदय को अपना कार्यक्रम रोकना पड़ा, बल्कि एक बार फिर माफी मांगनी पड़ी। दरअसल, दो साल पहले उदय के व्यंग्यात्मक चुटकुलों के जरिये आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और उनके बेटे राज्य मंत्री नारा लोकेश को लक्षित किया गया था। निस्संदेह,यह अभिव्यक्ति व रचनात्मकता पर अंकुश लगाने का कुत्सित प्रयास ही कहा जाएगा। सही मायनों में यह घटनाक्रम हास्य–व्यंग्यपूर्ण असहमति के प्रति बढ़ती असहनशीलता का एक और उदाहरण है। गाहे–बगाहे विभिन्न राज्यों में अलग–अलग राजनीतिक दलों द्वारा ऐसी अलोकतांत्रिक प्रतिक्रियाएं सामने आती ही रहती हैं। जबकि हकीकत यह है कि हास्य का संसार बड़े लोगों की सहिष्णुता व उदारता से ही फलता –फूलता है। खासकर उस भारतीय समाज में जहां अकसर कबीरदास की यह उक्ति दोहरायी जाती है दृ 'निंदक नियरे राखिए, आंगन कुटी छवाय। बिन पानी, साबुन बिना, निर्मल करे सुभाय।' उनका कहना था कि आलोचक हमारी कमियां बताकर हमारे स्वभाव को शुद्ध और निर्मल बना देते हैं। सही मायनों में व्यंग्य व हास्य इंसान की सहज अभिव्यक्ति के तौर पर लिया जाना चाहिए। निश्चित रूप से यदि हमारे राजनेता व बड़े लोग व्यंग्य या आलोचना को सहजता से लेते हैं तो इससे समाज में हास्य–विनोद भरपूर फलता–फूलता है। विशेष रूप से राजनीतिक व्यंग्य भारत में लंबे समय तक सत्ता को आईना दिखाता रहा है। पंडित नेहरु जैसे नेता कार्टूनिस्टों की तल्ख अभिव्यक्ति को सहजता से लेते थे और व्यंग्यकारों का सम्मान करते थे। धीर–गंभीर राजनेता आलोचना को जनता की नसीहत मानते रहे हैं। कालांतर राजनेताओं की इस सोच में पराभव देखा गया है। विडंबना ही है कि वर्ष 2024 में नायडू व लोकेश पर किए गए व्यंग्य के लिये उदय को फिर से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को मजबूर किया गया। यह अशोभनीय प्रयास यही दर्शाता है कि वर्ग विशेष में असहमति को राजनीतिक उद्देश्यों के लिये हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। उदय प्रकरण भी इसी दुखद स्थिति के सिलसिले का हिस्सा है। हाल ही में कॉमेघडियन अनुदीप कटिकाला और रफीक मोहम्मद को आंध्र प्रदेश पुलिस ने उन वीडियो के सिलसिले में गिरफ्तार किया था, जिसमें उन्होंने उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण पर व्यंग्य किया था। बीते साल मार्च में, शिवसेना कार्यकर्ताओं ने मुंबई के एक होटल में तब तोड़फोड़ की थी, जब महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पक्षद्रोही कहा था। निर्विवाद रूप से यदि व्यंग्य–विनोद पर पाबंदी लगायी जाती है और कलाकारों की स्वतंत्र अभिव्यक्ति को बाधित किया जाता है तो इसका प्रभाव सिर्फ एक शो को ही बाधित नहीं करता। बल्कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मूल सिद्धांत पर ही चोट करता है। सही मायनों में यह दिक्कत कॉमेडी करने वालों से नहीं है, बल्कि राजनेताओं के असुरक्षाबोध में है, जो उन पर लोगों का हंसना बर्दाश्त नहीं कर पाते। ऐसे में राजनेताओं का नैतिक दायित्व है कि वे लोकतंत्र में स्वतंत्र अभिव्यक्ति के मर्म को समझें। इसके लिये वे अपने अति–उत्साही समर्थकों पर लगाम लगाएं। लेकिन विडंबना यह भी है कि पुलिस भी सत्ता की राजनीति के आगे नतमस्तक नजर आती है। कायदे से उसे भारतीय संविधान में वर्णित अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षा करनी चाहिए। यदि पुलिस दायित्वों का ईमानदारी से पालन करती तो उदय जैसे कलाकारों को माफी न मांगनी पड़ती।

## राजनीति की पिच पर स्पिन से फिसलते मान्यवर

स्पिनर हरभजन सिंह समेत 7 सांसदों ने राज्यसभा में अरविंद केजरीवाल की पार्टी पर वही झाड़ू फेरी, जो कभी उनका चुनाव चिन्ह था। आईपीएल के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी बोले, आईपीएल में जादू टोना होता है। भविष्य में टीमों में कप्तान, कोच के साथ तांत्रिक भी होंगे। वैभव सूर्यवंशी वशीकरण के एक्सपर्ट तांत्रिक के भाव बहुत ज्यादा होंगे। मैच विजय के बाद तांत्रिक बताएंगे– इस बार अग्निपंख पिशाच को डाल दिया था अपने बॉलर में, तो उसने 10 विकेट लिए, यानी अब बॉलर की फॉर्म से ज्यादा जरूरी होगी –पिशाच की फॉर्म! पाकिस्तान को बनाया गया था मुल्क, पर अब यह टेंट हाऊस हो लिया है। बैंड–बाजा–बारात टाइप इंतजाम अभी आईएमएफ, वर्ल्ड बैंक वाले आयेंगे लोन देने। अभी ईरान वाले, अमेरिका वाले आयेंगे। दो चार डॉलर मांग लेंगे। अमिताभ बच्चन साहब की टेंशनकृखाने की चीजें उनके बिना खाए फेमस कैसे हो गईं? चॉकलेट, भुजिया को उन्होंने खाकर स्टार बनाया। पर झालमुड़ी बिना बच्चन साहब के ही सुपरस्टार बन गई। झालमुड़ी ने बच्चनजी का ही डायलॉग ठोंका –अब हम जहां खड़े हैं, लाइन वहीं से शुरू होती है।' मॉरल ऑफ दि स्टोरी कभी–कभी आपका ही डायलॉग आपके सामने खड़ा होकर आपको जवाब दे देता है। कुछ दिन पहले क्रिकेटर संजू सैमसन ने अकेले दम मुंबई इंडियंस टीम को हराकर साबित किया कि अकेला जिता सकता है संजू। संजू को ख्वाब आया कि पश्चिम बंगाल से हर तरफ से आवाज आ रही है, इधर आ जा। संजू ने बताया कि उसे पॉलिटिक्स का ज्ञान नहीं है। उसे बताया गया कि इस अज्ञान का ज्ञान जब तक जनता को होता है, तब तक तो रिटायरमेंट का वक्त आ जाता है। पश्चिम बंगाल में मतदान 90 प्रतिशत से ऊपर, नेता चिल्लाया– अगली बार हम 200 प्रतिशत करवाएंगे। दूसरा चीखा– हम 400 प्रतिशत करवाएंगे। स्पिनर हरभजन सिंह समेत 7 सांसदों ने राज्यसभा में अरविंद केजरीवाल की पार्टी पर वही झाड़ू फेरी, जो कभी उनका चुनाव चिन्ह था। इधर का उधर करने की यही स्टाइल अगर क्रिकेट में आ जाए तो यह सीन देखना पड़ सकता है कि बुमराह मुंबई इंडियंस की तरफ से मैदान में उतरें। फिर कुछ समय बाद बुमराह मुंबई इंडियंस के खिलाफ बॉलिंग करने लगें। हरभजन तब कह सकते हैं कि यह भी स्पिन है, मैंने सिखायी है। ट्रंप ने भारत को नरक का गड्ढा बताया और भारतीयों को लैपटॉप वाला गैंगस्टर बताया। दिनभर बमबाजी की बात करने वाले ट्रंप के खास दोस्त पाक के जनरल आसिम मुनीर हैं, जिनका खास दोस्त बमबाज आतंकी हाफिज सईद है। ट्रंप को लैपटॉप तब अच्छा लगेगा, जब किसी बम का नाम लैपटॉप हो जाए।

## तस्वीरों में जिंदगी का हर रंग उकेरने वाले छायाकार

**घाटों की भोर, गलियों की धड़कन, साधुओं की समाधि, उत्सवों का उल्लास, श्मशान की निस्तब्धता और जनजीवन की सहजता, काशी के हर रंग को उन्होंने अमर कर दिया। कैमरे के पीछे एक तपस्वी की तरह कार्य करने वाले रघु राय वस्तुतरू एक व्यक्ति नहीं ,विश्वविद्यालय थे। उन्होंने सिखाया कि अच्छा फोटोग्राफर बनने से पहले अच्छा मनुष्य बनना जरूरी है। `पहले देखना सीखो, फिर क्लिक करना...**

सुविख्यात छायाकार रघु राय इस फानी दुनिया को अलविदा कह गये। अब वे भौतिक रूप से हमारे बीच नहीं किन्तु अपनी गहन दृ ष्टि से क्लिक की गयी तस्वीरों के जरिये वे हमारे बीच हमेशा बने रहेंगे। उनकी उपस्थिति उनकी हर क्लिक की गयी तस्वीर के उस फ्रेम में है जहां सत्य है, हर उस प्रकाश में जहां करुणा है, हर उस कैमरे में है जहां ईमानदारी है। मौत का और तस्वीर के क्षण का कोई ऐतबार नहीं,कहीं भी मिल सकते हैं– हमेशा कैमरा अपने साथ रखने की वजह इस एक पंक्ति में बताने वाले विश्वप्रसिद्ध छायाकार, पद्मश्री से सम्मानित 83 वर्षीय रघु राय गत 26 अप्रैल की सुबह इस फानी दुनिया को अलविदा कह गये। रघु राय के भौतिक रूप से हमारे बीच नहीं रहने की दुरूखद मनोस्थिति में यह लेख लिखा जा रहा है किन्तु अपनी गहन दृष्टि से क्लिक की गयी तस्वीरों के जरिये वे अदृश्य रूप से हमेशा बने रहेंगे। उनकी उपस्थिति उनकी हर क्लिक की गयी हर तस्वीर के उस फ्रेम में है जहां सत्य है, हर उस प्रकाश में जहां करुणा है, हर उस कैमरे में जहां ईमानदारी है। बिना किसी प्रशिक्षण अपने जीवन की पहली तस्वीर एक गधे की क्लिक करने वाले रघु राय ने उपकरण मात्र माने जाने वाले कैमरे को समर्पण, सूझबूझ और सतत साधना के बल पर संवेदना,सत्य और समय का ऐसा साक्षी बनाया कि उनकी क्लिक की गयी तस्वीरें देश के जनमानस में हमेशा गहरे छायी रहेंगी। दिल्ली की गलियों से लेकर हिमालय की ऊंचाइयों तक, राजनीति से लेकर जनजीवन तक, और अध्यात्म से लेकर मानवीय संघर्ष तक उनकी तस्वीरें जनता की सामूहिक



यादद्दाश्त है। पंजाब के एक आम नौकरीपेशा परिवार के रघु राय ने आजीविका के लिए सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करके एक साल सरकारी नौकरी भी की। रचनात्मक सोच के चलते सरकारी नौकरी में तयशुदा ढर्रे पर चलना मुनासिब न समझा तो नौकरी छोड़ अपने बड़े भाई के पास दिल्ली आये। संयोग से बड़े भाई से कैमरा लेकर भाई के मित्र के साथ उनके गांव गये। गांव में गधे के एक छोटे बच्चे की तस्वीर लेने की कोशिश की तो वह भाग गया। रघु राय ने उसका पीछा किया। थक–हारकर जब वो बच्चा रुका तो तुरंत तस्वीर खींच ली। यही तस्वीर वर्ष 1965 में लंदन टाइम्स में छपी तो सिविल इंजीनियर रघु राय रातोंरात स्टार फोटोग्राफर रघु राय हो गये, प्रारब्ध शायद इसी को कहते हैं। छह दशक तक रघु राय और कैमरा एक–दूसरे के पर्याय बने रहे, काम के दम पर इज्जत–शोहरत, इनाम–इकराम उनकी झोली में स्वतरू आते रहे लेकिन काम करने की जिजीविषा अंतिम सांस तक रही। इन पंक्तियों के लेखक के मन–मस्तिष्क में 2023 की वे स्मृतियां घुमड़ रही हैं, जब रघु राय ने अपने पचास से ज्यादा सालों से मित्र हिम्मत शाह का 90वां जन्मघदिन नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में मनाया था। नब्बे के हिम्मत शाह व अस्सी के रघु राय– दोनों के पास उम्र के इस दौर में भी काम करने की इतनी योजनाएं कि बीस साल भी कम पड़ें। दोनों युवाओं जैसे उत्साह से लबरेज। रघु राय का उपरोक्त कथन 'मौत का और तस्वीर के क्षण का कोई ऐतबार नहीं,कहीं भी मिल सकते हैं', तीन साल से कम समय में ही उन्हीं पर फिट हो गया। दो मार्च, 2025 को हिम्मत शाह का निधन हो गया और ठीक तेरह माह बाद 26 अप्रैल, 2026 को रघु राय चले गये । रघु राय कालजयी फोटोग्राफर के साथ–साथ बेहतरीन इंसान थे। हिम्मत शाह से उनकी दोस्ती उस समय हुई जब हिम्मत शाह के सितारे गर्दिश में थे। हिम्मत शाह का काम कला के बाजार में बिकता नहीं था और फटेहाली में सुबह–शाम खिचड़ी खाकर काम चलाते थे जबकि उस समय रघु राय स्थापित हो चुके थे। रघु राय की दृष्टि ने हिम्मत शाह के भीतर के कलाकार और बेहतर इंसान को जान लिया था। दोस्ती परवान चढ़ी और ताउम्र बनी रही। हिम्मत शाह के अनन्य प्रशंसक बिहार म्यूजियम के डायरेक्टर अंजनी कुमार सिंह ने 2019 में उनका जन्मदिन मनाने का फैसला किया व हिम्मत शाह से पूछा कि किस–किस को बुलाना चाहते हैं तो उन्होंने कहा कि रघु राय और ज्योति शाह। वजह दोस्ती तो थी ही, उससे भी बड़ी वजह थी कि हिम्मत शाह मानते थे कि आजादी के 25–30 साल बाद के बदलते भारत, ग्रामीण भारत के दस्तावेजीकरण का काम रघु राय और ज्योति शाह ने जिस शिद्दत से किया, वह उन्हें नमस्कार करते हैं। हिम्ध्मत शाह और रघु राय जब साथ होते तो उनके पास ढेर–सी योजनाओं के अलावा संस्मरणों की पूरी पोटली होती। अपने फन के शीर्ष पर पहुंच कर भी अहंकार से कोसों दूर रघु राय की सौम्यता व मुस्कुराता चेहरा पूर्ववत बना रहा। वह हर क्षण कैमरे के लैंस के साथ बतियाते–से लगते जैसे हर क्षण को सिर्फ देख नहीं रहे बल्कि उसे उसकी सम्पूर्ण संवेदना संग जी रहे हैं। वाराणसी के ख्यात फोटोग्राफर रघु राय को याद करते हुए कहते हैं कि लगभग चार दशक तक उन्होंने काशी को अपने कैमरे में बार–बार उतारा।

## मुफ्त की राजनीति से अकर्मण्य होती पीढ़ी

**अपने देश में बताया जाता है कि अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त में वर्षों से राशन मुफ्त दिया जा रहा है। इसका नतीजा यह है कि अब गांवों में भी लोग काम नहीं करना चाहते। गांव में रहने वाले एक मित्र ने बताया था कि चूंकि तरह–तरह की सरकारी योजनाओं से लोगों को बिना कुछ किए पैसे भी मिल रहे हैं और खाने–पीने की सुविधाएं, तो अब युवा काम नहीं करना चाहते। वे दिनभर मटरगश्ती ...**

किसी जमाने में 'अजगर करे न चाकरी पंछी करे न काम, दास मलूका कह गए सबके दाता राम' को उन लोगों को निंदा के रूप में सुनाया जाता था, जो कुछ नहीं करना चाहते थे, लेकिन अब तो लगता है कि सरकारें ही इसके लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। पिछले दिनों तमिलनाडु, केरल, असम, पुडुचेरी तथा पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों को लेकर खासी गहमागहमी रही। बाकी राज्यों में चुनाव संपन्न हो चुके हैं और पश्चिम बंगाल में अब दूसरे चरण का मतदान बाकी है। हर दल अपनी–अपनी जीत के लिए उत्साहित है। बड़ी–बड़ी घोषणाएं भी की जाती रही हैं कि अगर हम चुनाव में जीते, तो महिलाओं के खाते में हर माह, या हर साल इतने हजार ट्रांसफर करेंगे। युवाओं को इतना पैसा देंगे। किसानों का बिजली का बिल माफ कर देंगे। ये देंगे, वो देंगे। यानी कि मुफ्त की रेवड़ियों का बाजार लगा रहा है। इस हाथ वोट दो, उस हाथ ये लो। यानी कि वोट की कीमत कैश या काइंड में मापी जा रही है। सत्तर के दशक में महिलाओं–पुरुषों को साड़ियां, ध ाोतियां बांटकर, ट्रांजिस्टर देकर, वोट देने से पहले की रात नकदी देकर काम चला लिया जाता था, लेकिन अब हजारों रुपये भी कम पड़ जाते हैं। इस दल ने हमें यह दिया है, दूसरा दल अगर उससे ज्यादा दे रहा है, तो बस वोट उसी को। फिर मान लीजिए पिछले इलेक्शन में अगर इतना रुपया मिला था, इस बार भी उतने का ही वादा हो, तो क्या खास




दिया। ज्यादा दो, तो कुछ बात बने। इस लालच को बढ़ाने में अधिकांश राजनीतिक दल बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते हैं। वे जानते हैं कि लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता आदि का कोई मतलब नहीं, लोगों को असली मतलब इस बात से होता है कि सरकार उन्हें मुफ्त में क्या दे रही है। याद है हमें कि नब्बे के दशक में सोवियत संघ के विघटन के बाद, जब पूर्वी यूरोप के समाजवादी गुट में शामिल देश एक–एक करके टूट रहे थे, तो मशहूर मीडिया पर्सनेलिटी प्रणय राय ने एक कार्यक्रम में कहा था कि नाउ देअर विल बी नो फ्री लंच। यानी कि अब मुफ्त में कुछ नहीं मिलेगा। इन देशों के गिरने के पीछे यही कारण बताया जाता था कि यहां की आर्थिक स्थिति को वहां की सरकारों ने ही लोगों में मुफ्त सब कुछ पाने की आदत डालकर, तबाह कर दिया था। इसलिए वे समाजवादी होते हुए भी पूंजीवाद के सामने एक–एक करके धराशायी हो गए। हमारे यहां जितने भी राजनीतिक दल हैं, उन सबने इन स्थितियों को देखा है। बैठकर खाने के मुकाबले परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है, ये भी जानते ही हैं। यों भी दुनिया में कुछ मुफ्त नहीं मिलता। हो सकता है जिसे दलों द्वारा मुफ्त में सब कुछ मिल रहा है, वह उसकी कीमत न चुका रहा हो, लेकिन कीमत तो चुकानी ही पड़ती है, चाहे तरह–तरह के कर देकर देश की जनता चुकाए या सरकारें विश्व बैंक या अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के सामने कटोरा लेकर चले जाएं। मगर विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के ऋण भी ब्याज समेत चुकाने ही पड़ते हैं, इन संस्थाओं की कठोर शर्तें भी माननी पड़ती हैं। वे भी देश की जनता के ही सिर होते हैं। दरअसल, कोई भी सरकार तो कुछ कमाती नहीं है। वह तो लोगों से ही वसूलती है। यह बात अलग है कि अपने देश में जो टैक्स देते हैं, सरकारों की नजर में वे सोने की अंडे देने वाली मुर्गियां होती हैं। जितना चाहो निचोड़ो। आम तौर पर ये लोग मध्यवर्ग के होते हैं क्योंकि अमीर लोग तो सारी सुख, सुविध ाओं, लाखों–करोड़ के मालिक होने के बावजूद, बेचारे अपना ऋण नहीं चुका पाते और सरकारें उन पर रहम करके माफ कर देती हैं। लेकिन मध्यवर्ग करदाता के लिए शायद ही किसी दल के पास कोई योजना हो। ये लोग अपनी मेहनत से पढ़–लिखकर नौकरियां प्राप्त करते हैं, ऋण लेकर घर बनाते हैं, शादी–ब्याह अपने खर्चे से करते हैं। बच्चों को पढ़ाते हैं लेकिन कोई इनकी सुध नहीं लेता, क्योंकि मान लिया गया है कि यह तो सम्पन्न वर्ग है। इसे किसी सरकारी सहायता की जरूरत नहीं। इसकी जेबों से पैसा निकालकर सरकारें वोट बटोरने के लिए लोकप्रियतावादी, जिसे अंग्रेजी में पॉपुलिज्म कहते हैं, का रास्ता अपनाती हैं। वोटर्स के लिए तरह–तरह की ऐसी मुफ्त की योजनाएं लाई जाती हैं, जिनसे सरकारी खजाना खाली होता जाता है। राज्य सरकारों से लेकर केंद्र सरकार तक मुफ्त की रेवडिघ्यां बांटने से परहेज नहीं करतीं। हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि बहुत सारी राज्य सरकारों के खजाने खाली हैं। उन पर लाखों करोड़ का कर्ज है, कर्मचारियों को वेतन देने के पैसे नहीं हैं जैसा कि कुछ दिन पहले हमने हिमाचल प्रदेश में देखा था, लेकिन वोटर भगवान वोट दे दे, इसके लिए खजाना खाली होता रहे, तो क्या हुआ। लोग कहते हैं कि दलों का वश नहीं चलता वर्ना वे वोटर्स को सूरज, चांद और आसमान को भी मुफ्त में बांट दें। पिछले साल बिहार के चुनाव से पहले अड़तीस हजार करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। हालत यह हो गई थी कि वहां की सरकार के पास जरूरी खर्चों के लिए भी पैसे नहीं बचे थे। एक अनुमान के अनुसार विभिन्न सरकारों द्वारा महिलाओं के लिए जो मुफ्त की योजनाएं चलाई जा रही हैं, उनकी राशि एक लाख, अड़सठ हजार, चालीस करोड़ तक पहुंच सकती है। किसी जमाने में 'अजगर करे न चाकरी पंछी करे न काम, दास मलूका कह गए सबके दाता राम' को उन लोगों को निंदा के रूप में सुनाया जाता था, जो कुछ नहीं करना चाहते थे, लेकिन अब तो लगता है कि सरकारें ही इसके लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। केंद्र सरकार ने चाहे इस पर चिंता व्यक्त की हो, लेकिन सिर्फ चिंता से कुछ नहीं होता, क्योंकि दलों को चुनाव जीतने का यही आसान सा रास्ता लगता है। ऐसे में देश में कुछ न हो, इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास में धन के अभाव में रोड़े अटक जाएं, किसी को क्या फर्क पड़ता है। सच तो यह है कि इन मुफ्त की रेवड़ियों की कीमत अंततः जनता को ही चुकानी पड़ती है।



# 250 साल की दोस्ती के बीच ईरान विवाद की दरार, वाशिंगटन में शाही मेहमान, क्या किंग जॉर्ज करा पाएंगे स्टार्मर–ट्रंप के रिश्तों में 'सीजफायर'?

करीब ढाई सदियाँ पहले, अमेरिकी उपनिवेशों ने किंग जॉर्ज तृतीय के शासन से नाता तोड़कर आजादी की मशाल जलाई थी। अब इतिहास एक रोचक करवट ले रहा है। उसी राजवंश के उत्तराधिकारी, किंग चार्ल्स तृतीय, सोमवार को चार दिवसीय राजकीय यात्रा पर अमेरिका पहुंचे हैं। यह दौरा एक ओर अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ और दोनों देशों के विशेष संबंध का जश्न मनाने का अवसर है, तो दूसरी ओर ट्रांस–अटलांटिक रिश्तों में उभरते तनाव और कड़ी सुरक्षा के बीच इसकी गंभीरता भी साफ झलकती है। महाराजा चार्ल्स और महारानी कैमिला अपने दिन की शुरुआत अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। जब ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय और क्वीन कैमिला राजकीय यात्रा पर व्हाइट हाउस पहुंचे, तो राष्ट्रपति ट्रम्प ने उस बड़े गड्ढे की ओर इशारा किया जहां कभी ईईस्ट विंगश हुआ करता था। इसके बाद वे अपने मेहमानों को चाय और व्हाइट हाउस के मधुमक्खियों के छत्ते (बीहाइव) के साथ एक निजी मुलाकात के लिए अंदर ले गए। राष्ट्रपति आम तौर पर राजकीय यात्राओं को अमेरिका की संस्कृति और उसकी खासियतें दुनिया के सामने दिखाने के मौके के रूप में इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इस बार बात सिर्फ इतनी नहीं है। यह दौरा उन लोगों के जज्बे की भी याद दिलाता है, जिन्होंने करीब 250 साल पहले एक राजा के शासन को ठुकराकर अपनी आजादी खुद हासिल की थी। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका एवं ब्रिटेन के संबंध चुनौतियों से जूझ रहे हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर के साथ ट्रंप के संबंध उतार–चढ़ाव भरे रहे हैं।



यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका एवं ब्रिटेन के संबंध चुनौतियों से जूझ रहे हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर के साथ ट्रंप के संबंध उतार–चढ़ाव भरे रहे हैं। बीते दिनों ही व्हाइट हाउस में पत्रकारों के लिए रखी गई डिनर पार्टी के दौरान हुई गोलीबारी ने देश–दुनिया का ध्यान इस ओर खींच लिया। अमेरिका की सुरक्षा व्यवस्था और राजनेताओं पर होते हिंसक हमले की पुरानी घटनाएं फिर से चर्चा में आने लगी। कुछ समय के लिए यह भी साफ नहीं था कि किंग चार्ल्स वाशिंगटन का दौरा करेंगे या नहीं, लेकिन हालात का जायजा लेने के बाद उन्होंने वाशिंगटन, न्यूयॉर्क और वर्जीनि की अपनी चार दिवसीय यात्रा को जारी रखने का फैसला किया। इधर, अमेरिका में सार्वजनिक हस्तियों के खिलाफ हिंसा की धमकियां तेजी से बढ़ रही हैं। हालात ऐसे हैं कि कई अधिकारी अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित होकर सैन्य ठिकानों में रहने लगे हैं। इस बीच, यह यात्रा एक ऐसे राष्ट्रपति की कार्यशैली को भी सामने लाती है, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर कई बार कूटनीति से ज्यादा आक्रामक रुख अपनाते नजर आते हैं।

राजा और रानी के पहुंचने से कुछ देर पहले, व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने ब्रीफिंग रूम में मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने राष्ट्रपति ट्रम्प के विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि यह वामपंथी नफरत का माहौल बनाया जा रहा है। सवालों के जवाब देते हुए लेविट ने शनिवार रात की उस घटना पर भी बात की, जब एक बंदूकधारी उस बॉलरूम की ओर बढ़ा, जहां ट्रम्प मीडिया को संबोधित करने वाले थे। उन्होंने इस घटना के लिए पैदा हुई परिस्थितियों पर विपक्ष को जिम्मेदार ठहराया। साथ ही, उन्होंने इस मामले को लेकर फैल रही शंकाओं और साजिश के दावों पर भी प्रतिक्रिया दी और कहा कि उम्मीद है लोग अफवाहों के बजाय सच पर भरोसा करेंगे। शनिवार शाम की गोलीबारी के बाद भी डोनाल्ड ट्रम्प अपेक्षाकृत बेपरवाह नजर आए। सोमवार को वे फिर अपने पुराने अंदाज में दिखे। उन्होंने अपने 'ट्रुथ सोशल' अकाउंट पर एक लेट–नाइट टीवी होस्ट पर निशाना साधा और अपने नए प्रोजेक्ट की तस्वीरें साझा कीं, जिसमें लिंकन मेमोरियल के सामने बने रिफ्लेक्टिंग पूल से हंसों की गंदगी साफ कराई जा रही है।

इधर, किंग चार्ल्स के सामने एक मुश्किल कूटनीतिक चुनौती भी खड़ी है। उन्हें ट्रम्प और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के बीच बिगड़ते रिश्तों को संभालने की कोशिश करनी है, जो पिछले कुछ महीनों में काफी तनावपूर्ण हो गए हैं। ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में स्टार्मर ने राष्ट्रपति के साथ तालमेल बनाने की पूरी कोशिश की थी। लेकिन हाल ही में ईरान में अमेरिका–इजराइल संघर्ष में शामिल न होने के उनके फैसले से ट्रम्प नाराज हो गए। राष्ट्रपति ने स्टार्मर को कायर तक कह दिया और ब्रिटिश नौसेना पर भी तंज कसा। वहीं, पेंटागन के एक ताजा मेमो ने हालात को और उलझा दिया है। इसमें संकेत दिया गया है कि ट्रम्प प्रशासन फॉकलैंड द्वीप समूह पर ब्रिटेन की संप्रभुता के समर्थन से पीछे हट सकता है, जिससे दोनों देशों के रिश्तों में और तनाव बढ़ने की आशंका है।

# एक पहलवान, दो राज्य, दो जन्म प्रमाण पत्र! डब्ल्यूएफआई ने सरकारी सिस्टम की खामियों पर उठाए गंभीर सवाल

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने संभाजी नगर में राष्ट्रीय चौंपियनशिप के पहले दिन एक अंडर17 महिला पहलवान को प्रतियोगिता में भाग लेने से रोक दिया, क्योंकि उसके पिता ने अलग–अलग राज्यों से दो जन्म प्रमाण पत्र पेश किए थे जिससे सरकारी स्तर पर दस्तावेज सत्यापन में स्पष्ट कमियां भी उजागर हुईं। मध्य प्रदेश की तरफ से महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में भाग लेने की इच्छुक पहलवान (नाम गुप्त रखा गया है) के जन्म प्रमाण पत्रों में विसंगतियां पाई गई थी जिसके बाद अधिकारियों ने उसे प्रतियोगिता में भाग लेने से रोक दिया।



यह दस्तावेज पीटीआई के पास भी हैं जिनमें मध्य प्रदेश में जारी किए गए एक जन्म प्रमाण पत्र में जन्म तिथि 26 अगस्त, 2010 बताई गई है, लेकिन पंजीकरण और जारी करने की तिथि 16 नवंबर 2021 दिखाई गई है। यह तिथि जन्म के एक दशक से भी अधिक समय बाद की है। इस प्रमाण पत्र में श्योपुर जिले का पता अंकित है और इसे ग्राम पंचायत कार्यालय ने जारी किया था। डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र के अनुसार पंजीकरण में देरी के बारे में पूछे जाने पर इस पहलवान के पिता ने राजस्थान से जारी किया गया एक और जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया।

नए जन्म प्रमाण पत्र में भी जन्मतिथि 26 अगस्त 2010 ही दर्ज है लेकिन उसमें पंजीकरण की तिथि एक सितंबर 2010 बताई गई है। यह पंजीकरण राजस्थान के श्रीगंगानगर में हुआ था और जन्म स्थान के रूप में वहां के एक निजी नर्सिंग होम का उल्लेख किया गया है। हालांकि यह प्रमाणपत्र इसके काफी बाद अप्रैल 2025 में जारी किया गया था।

पिता ने इस बात पर जोर दिया कि जन्मतिथि में कोई हेरफेर नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि परिवार के मध्य प्रदेश स्थानांतरित होने के बाद इस राज्य से भी नया प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया था, ताकि पहलवान राज्य का प्रतिनिधित्व कर सके। डब्ल्यूएफआई के अधिकारियों ने हालांकि पहलवान को प्रतियोगिता में प्रवेश देने से इनकार कर दिया और सवाल उठाया कि मूल दस्तावेजों के सत्यापन के बिना कोई अन्य राज्य कैसे दूसरा जन्म प्रमाण पत्र जारी कर सकता है।

डब्ल्यूएफआई के एक अधिकारी ने कहा, ''इससे गंभीर चिंताएं पैदा होती हैं। हमसे आयु पात्रता के संबंध में सख्त अनुपालन सुनिश्चित करने की अपेक्षा की जाती है, लेकिन उचित जांच के बिना ऐसे प्रमाण पत्र कैसे जारी किए जा रहे हैं। अगर दो राज्य अलग–अलग जन्म प्रमाण पत्र जारी करते हैं तो इससे पूरी व्यवस्था ही कमजोर हो जाएगी।'' महासंघ ने हाल के महीनों में बड़े स्तर पर सामने आए एक चलन की ओर भी इशारा किया, जिसमें हरियाणा के कई पहलवानों द्वारा कथित तौर पर दिल्ली के रोहिणी और नरेला जिलों से जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने का पता चला है, जिसके कारण सख्त प्रशासनिक निगरानी की मांग उठाई गई है।

डब्ल्यूएफआई के अधिकारी ने कहा, ''सरकार ने खेल निकायों पर आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में उम्र को लेकर धोखाधड़ी के मामलों में कड़ी कार्रवाई करने का दबाव डाला है। जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के लिए जिम्मेदार सरकारी अधिकारियों की भी जवाबदेही होनी चाहिए।'' डब्ल्यूएफआई ने राज्यों से बेहतर समन्वय और दस्तावेज जारी करने के समय सख्त सत्यापन प्रणाली लागू करने का आग्रह किया है।

## दिल्ली कैपिटल्स के लिए अच्छी खबर, इन दिन करेंगे मिचेल स्टार्क वापसी, जानें कप्तान अक्षर पटेल ने क्या कहा?

दिल्ली कैपिटल्स को आरसीबी के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। टीम की ये इस सीजन की पांचवीं हार है। हालांकि, आने वाले समय में दिल्ली कैपिटल्स को जीत की उम्मीद है। क्योंकि, उनके बेहतरीन गेंदबाज की वापसी होने वाली है। दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई पेसर मिचेल स्टार्क दिल्ली के लिए पहले 8 मैचों में उपलब्ध नहीं थे लेकिन लीग फेज के बाकी के 6 मैचों में उपलब्ध नहीं थे लेकिन लीग फेज के बाकी के 6 मैचों में वे उपलब्ध रहेंगे। इस बात की पुष्टि दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने की है। आरसीबी के खिलाफ 75 रन पर ढेर होने वाली दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ने कहा कि, मिचेल स्टार्क टीम के साथ जुड़ गए हैं। वे एक मई से सिलेक्शन के लिए उपलब्ध होंगे। हालांकि, अभी भी वर्कलोड मैनेजमेंट उनका चलेगा। अक्षर पटेल ने आगे कहा कि, मिचेल स्टार्क को लेकर जरूरी एनओसी यानी नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट मिल गया है और वे आने वाले मैचों में खेल सकते हैं। अक्षर पटेल ने कहा कि, हां मिचेल स्टार्क टीम में शामिल हो गए हैं। उन्हें 1 मई से एनओसी मिल गई है इसलिए वह उसके बाद खेल सकते हैं। उनके वर्कलोड पर नजर रखी जा रही है। जब भी वह उपलब्ध होंगे, हम उन्हें खिलाने की कोशिश करेंगे। फिलहाल, मिचेल स्टार्क के दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ने से टीम को मजबूती मिलेगी। हालांकि, मिचेल स्टार्क जनवरी से दूर हैं ऐसे में फॉर्म एक चिंता का विषय है।



## महापुरूषों के नाम पर बनेगा स्वागत द्वार

जौनपुर। बदलापुर नगरपंचायत कार्यालय सभागार में बजट 2026–27 के संबन्ध में एक बैठक विधायक रमेशचंद्र मिश्र की उपस्थिति तथा नगरपंचायत अध्यक्ष सीमा सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में अनुमानित वित्तीय बजट 39 करोड़ रुपया सर्वसम्मति. से स्वीकृति प्रदान किया गया। जिसके तहत नगर पंचायत सीमा अन्तर्गत वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप परशुराम सम्राट अशोक एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर स्वागत द्वार व इंद्राचौक के चारोंमार्ग का नामकरण सल्तनत बहादुर मार्ग , वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप मार्ग, परशुराम मार्ग व अम्बेडकर मार्ग करते हुये साइन बोर्ड लगाया जायेगा। सभी वार्डों के सार्वजनिक स्थलों पर बेंच की व्यवस्था के साथ साथ, सभासदों का फोटो सहित नाम का साइन बोर्ड लगाया जायेगा। साथ ही बन रहे नाले की साफ सफाई के लिये एक कर्मचारी व उसके संसाधन खरीदने का सुझाव दिया। उन्होंने नगर में हो रही सफाई की सराहना की।मार्गों पर प्रकाश के लिये स्काई लिफ्टर व मोबाइल ट्रांसफार्मर 400 के वी व 250 के वी एवं उपकरण सामग्री तथा पेय जल की व्यवस्था के लिये उपकरण सामग्री के क्रय एवं मरम्मत की स्वीकृति एकस्वर से प्रदान किया गया।इस अवसर पर नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी सुश्री अलका मौर्य लेखाकार प्रवेश कुमार सिंह सहित समस्त सभासद गण मौजूद रहे।

## पश्चिमी एशिया में बदल रहे समीकरण ? मास्को में पुतिन से मिले अब्बास अराघची , बोले– हमारी पार्टनरशिप हुई गहरी

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मंगलवार को कहा कि क्षेत्र में भारी उथल–पुथल के बीच रूसी नेतृत्व के साथ बातचीत करके उन्हें खुशी हुई। पश्चिमी एशिया में युद्ध के मसले को सुलझाने के उद्देश्य से आयोजित शांति वार्ता के दूसरे दौर को लेकर अनिश्चितता के बीच वह सोमवार को रूस पहुंचे थे। यह बयान अराघची के सेंट पीटर्सबर्ग पहुंचने और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के एक दिन आया है। पुतिन ने अपनी संप्रभुता के लिए बहादुरी और वीरता से लड़ने के लिए ईरानियों की सराहना की।



शीर्ष ईरानी राजनयिक अराघची ने मंगलवार को एक्स पर कहा, क्षेत्र में भारी उथल–पुथल के बीच रूस के साथ शीर्ष स्तर पर बातचीत करके मुझे खुशी हुई। उन्होंने कहा, हाल की घटनाओं ने हमारी रणनीतिक साझेदारी की गहराई और मजबूती को प्रमाणित किया है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि मॉस्को पश्चिम एशिया में जल्द से जल्द शांति लाने में मदद करने के लिए हरसंभव प्रयास करने को तैयार है। ईरान के विदेश मंत्री ने कहा, "हमारे संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं, ऐसे में हम एकजुटता के लिए आभारी हैं और कूटनीति में रूस के समर्थन का स्वागत करते हैं।" अराघची इस्लामाबाद की यात्रा के बाद रूस पहुंचे। उन्होंने इस्लामाबाद की यात्रा को अत्यंत सार्थक बताते हुए कहा कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ उनकी अच्छी बातचीत' हुई। ईरान और अमेरिका के बीच शांति वार्ता का पहला दौर वांछित परिणाम लाने में विफल रहा था। ईरान के मंत्री रविवार को ओमान की संक्षिप्त यात्रा के बाद दूसरी बार इस्लामाबाद पहुंचे। ओमान में उन्होंने सुल्तान हैथम बिन तारिक अल–सैद के साथ होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षा और ईरान–अमेरिका संघर्ष को समाप्त करने के राजनयिक प्रयासों पर बातचीत की। अराघची के शनिवार को पाकिस्तान से ओमान रवाना होने के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि अमेरिकी वार्ताकार स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर अब ईरान के साथ वार्ता के लिए इस्लामाबाद नहीं जाएंगे। ट्रंप ने रविवार को कहा कि अमेरिकी और ईरानी अधिकारी संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए फोन पर बातचीत कर सकते हैं। उन्होंने पिछले मंगलवार को ईरान के साथ दो सप्ताह के युद्धविराम को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया ताकि तेहरान को युद्ध समाप्त करने के लिए एक एकीकृत प्रस्ताव तैयार करने के लिए और समय मिल सके।

## विराट कोहली के 267 पारी में 9 हजार रन पूरे, आईपीएल में हैं बेहतरीन आकंड़े, दूर–दूर तक कोई दूसरा नहीं

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ विराट कोहली ने एकतरफा मुकाबले में नाबाद 23 रन बनाते ही इतिहास रच दिया। विराट ने अपनी 267वीं आईपीएल पारी में लीग के इतिहास के 9000 रन पूरे कर लिए। वह आईपीएल में इस मुकाम तक पहुंचने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। उनके आसपास भी कोई इस लिस्ट में नहीं है। वहीं हिटमैन रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर हैं। कोहली का ये 257वां आईपीएल मुकाबला था। उन्होंने अपने 9000 रन छक्के के साथ पूरे किए। इतना ही नहीं इस पारी में विराट ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ भी 1172 न पूरे कर लिए। आईपीएल में किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में वह दूसरे नंबर पर भी पहुंच गए। इस मामले में पहले नंबर पर भी उनका कब्जा है और चेन्नई के खिलाफ उन्होंने सबसे ज्यादा 1174 रन बनाए हैं।




# सिद्धार्थ अवस्थी से सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी से की शिष्टाचार भेंट

### शिष्टाचार मुलाकात में संगठन और चुनावी रणनीति पर चर्चा, भाजपा को मजबूत करने पर जोर

बाराबंकी। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सदस्य डॉ सुधांशु त्रिवेदी के दिल्ली स्थित निज आवास पर भाजपा किसाना मोर्चा के पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता पंडित सिद्धार्थ अवस्थी ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच संगठन, चुनावी रणनीति और जनसेवा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान पंडित सिद्धार्थ अवस्थी ने डॉ सुधांशु त्रिवेदी को भारतीय जनता पार्टी का जुझारू, कर्मठ और समर्पित नेता बताते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा संगठन और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य किया है। उन्होंने कहा कि त्रिवेदी का राजनीतिक अनुभव और संगठन क्षमता पार्टी के लिए एक मजबूत आधार है। मीडिया प्रबंधन के जरिए श्री त्रिवेदी सरकार और संगठन की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाते है। इस मौके पर डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक प्रभावी माध्यम है, जहां जनसेवा को प्राथमिकता दी जाती है। जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनना और समाधान के लिए कार्य करना ही पार्टी की पहचान है। इस मुलाकात के दौरान प्रदेश में चल रहे संगठनात्मक कार्यक्रमों और सरकार की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुँचाने की रणनीति पर चर्चा हुई। डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि भाजपा की असली ताकत जनता का विश्वास है, इस विश्वास को और मजबूत करें। उन्होंने विश्वास जताया कि पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यों में भी भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज करेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

## ईरान के होर्मुज्र प्रस्ताव पर अमेरिका का कड़ा रुख, मार्को रुबियो बोले– परमाणु हथियार बनाने पर कोई समझौता नहीं



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने स्पष्ट किया है कि ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना अभी भी सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में रुबियो ने ईरान के नये प्रस्ताव पर अपनी राय रखी। ईरान के प्रस्ताव के अनुसार, वह अपने परमाणु कार्यक्रम पर चर्चा टालने को तैयार है। इसके बदले उसने मांग की है कि यदि अमेरिका अपनी नाकाबंदी हटा ले और युद्ध खत्म कर दे, तो वह होर्मुज जलडमरूमध्य से अपना नियंत्रण हटा लेगा। इस पर रुबियो ने कहा, मुझे पूरा यकीन है कि यदि ईरान में वर्तमान कट्टरपंथी शासन बना रहता है तो वे भविष्य में परमाणु हथियार जरूर हासिल करना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि असली समस्या का समाधान अभी भी बाकी है और यही मुख्य मुद्दा है। जब रुबियो से पूछा गया कि क्या ईरान बातचीत को लेकर गंभीर है, तो उन्होंने कहा कि ईरानी पक्ष माहिर वार्ताकार हैं और केवल समय हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। रुबियो ने कहा, हम उन्हें ऐसा करने की छूट नहीं दे सकते। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई भी समझौता ऐसा होना चाहिए जो ईरान को किसी भी स्थिति में परमाणु हथियार की ओर निश्चित बढ़त हासिल करने से रोके।

# आंगनबाड़ी भर्ती 2021 के नाम पर ठगी, दंपति से रू1.70 लाख हड़पने का आरोप

दैनिक बुद्ध का संदेश

**बलरामपुर।** जनपद में आंगनबाड़ी भर्ती 2021 के नाम पर ठगी का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ननकना देवी पत्नी राजकुमार, निवासी ग्राम बिजुलीपुर, थाना कोतवाली नगर ने आरोप लगाया है कि उन्हें और उनके परिवार को नौकरी दिलाने के नाम पर ठग लिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता ने बताया कि बाल विकास परियोजना कार्यालय बलरामपुर देहात में आंगनबाड़ी सहायिका व कार्यकत्री पद पर नियुक्ति के लिए गांव के ही एक व्यक्ति के माध्यम से संपर्क किया गया। आरोपी ने भरोसा दिलाया कि वह अधिकारियों से मिलकर नियुक्ति करा देगा, लेकिन इसके लिए मोटी रकम खर्च करनी पड़ेगी। आरोप है कि आरोपी ने पहले सभी जरूरी दस्तावेज अपने पास जमा कराए और बाद में किस्तों में पैसे की मांग की। पीड़िता के अनुसार, सहायिका पद के लिए रू 70,000 तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री पद के लिए रू 1,00,000 रुपये लिए गए। इस तरह कुल रू 1,70,000 रुपये आरोपी को दिए गए, जिसका कुछ भुगतान गवाहों के सामने भी किया गया। पीड़िता का कहना है कि काफी समय बीत जाने के बाद भी जब नियुक्ति नहीं हुई तो उन्होंने आरोपी से संपर्क किया। इस पर आरोपी ने टालमटोल शुरू कर दी और जब पैसा वापस मांगा गया तो कथित रूप से धमकी देकर भगा दिया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने धोखाधड़ी कर पूरी रकम हड़प ली और अब जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। इस मामले में पीड़िता ने पुलिस से लिखित शिकायत कर प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही आरोपियों से ठगी की गई रकम वापस दिलाने की भी गुहार लगाई है।



# राजस्व वादों एवं राजस्व कार्यों की डीएम ने की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

**गोण्डा।** गोण्डा जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जनपद के समस्त उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों के साथ राजस्व वादों एवं राजस्व कार्यों की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक का उद्देश्य लंबित राजस्व वादों की स्थिति का आकलन करते हुए उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण को सुनिश्चित करना।समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने तहसीलवार राजस्व वादों की प्रगति का विस्तृत अवलोकन किया और पाया कि कुछ स्थानों पर अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है।इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए।उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी अधिकारी अपने–अपने न्यायालयों में अधिक से अधिक वादों की सुनवाई सुनिश्चित करें और नियमानुसार समयबद्ध तरीके से उनका निस्तारण करें।डीएम ने निर्देशित किया कि किसी भी वाद को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और वादकारियों को समय पर न्याय उपलब्ध कराया जाए।उन्होंने कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित वाद आमजन से सीधे जुड़े होते हैं, इसलिए इनके निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि वादकारियों की बात को गंभीरता से सुना जाए और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत निर्णय लिया जाए।बैठक में डीएम ने यह भी कहा कि राजस्व कार्यों में तेजी लाने के लिए नियमित रूप से समीक्षा की जाए और प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने कार्यक्षेत्र में सतत निगरानी बनाए रखें तथा लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कार्यों में लापरवाही पाई जाती है,तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे पूरी जिम्मेदारी एवं पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि आमजन को समयबद्ध एवं निष्पक्ष न्याय मिल सके। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, उप जिलाधिकारी करनैलगंज नेहा मिश्रा,उप जिलाधिकारी गोण्डा सदर जितेंद्र गौतम, तहसीलदार सदर गोण्डा मनीष कुमार, तहसीलदार तरबगंज आशुतोष पांडेय सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।




# बलरामपुर में 436 कांशीराम आवासों का आवंटन निरस्त, नए आवेदन 30 अप्रैल से

दैनिक बुद्ध का संदेश

**बलरामपुर।** नगर पालिका परिषद बलरामपुर अंतर्गत मा० कांशीराम आवास योजना में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 436 आवासों का आवंटन निरस्त कर दिया है। यह निर्णय डीएम के निर्देशन में जनपद स्तरीय अधिकारियों की गठित टीम द्वारा तीन चरणों में किए गए स्थलीय सत्यापन के बाद लिया गया। जांच में सामने आया कि 234 आवासों पर ताले लटके मिले, जबकि 202 आवासों में अनधिकृत (अवैध) रूप से लोग निवास कर रहे थे। नियमों के उल्लंघन और अपात्रता पाए जाने पर प्रशासन ने सभी 436 आवासों का आवंटन तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया।

निरस्त आवासों की सूची नगर पालिका परिषद बलरामपुर, तहसील बलरामपुर सदर तथा खंड विकास अधिकारी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर सार्वजनिक कर दी गई है, जहां संबंधित लोग जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रशासन ने रिक्त हुए इन 436 आवासों के पुनः आवंटन के लिए पात्र लाभार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक आवेदक 30 अप्रैल 2026 से 10 मई 2026 तक आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), कलेक्ट्रेट परिसर, बलरामपुर स्थित कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्राप्त किए जा सकेंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 10 मई 2026 के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# सपा का जन समस्याओं को लेकर प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम डीएम को दिया ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

**गोन्डा।** गोन्डा जनपद में बढ़ती जन समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने मंगलवार को जोरदार आवाज बुलंद की।पार्टी नेताओं ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी गोन्डा को सौंपते हुए डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की कमी,अघोषित बिजली कटौती, बढ़ते अपराध और प्रीपेड मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं के उत्पीड़न जैसे गंभीर मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की।ज्ञापन में कहा गया कि जिले में आवश्यक संसाधनों की किल्लत और बिजली की अनियमित आपूर्ति से आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है साथ ही कानून–व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। पार्टी नेताओं ने यह भी कहा कि गेहूं की सरकारी खरीद क्रय केंद्रों पर सुचारू रूप से नहीं हो रही है,जिससे किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके अलावा जिले में मक्का की खरीद के लिए कोई क्रय केंद्र न होने से किसान अपनी उपज को उचित मूल्य पर बेचने से वंचित हैं। सपा नेताओं ने बैंकों में नकदी की कमी को भी एक बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि इससे आम नागरिकों को रोजमर्रा के कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर हालात में सुधार नहीं हुआ तो पार्टी द्वारा जिले में व्यापक जन आंदोलन शुरू किया जाएगा।ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष अरशद हुसैन, पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे (कटरा), पूर्व विधायिका नंदिता शुक्ला (मेहनौन), पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संजय विद्यार्थी (गौरा), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरफराज हुसैन सोनू, जिला महासचिव राजेश यादव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शमीम अच्छन (कर्नलगंज), जिला उपाध्यक्ष गणेश पांडेय, सुरेंद्र पासवान, जिला प्रवक्ता जावेद अख्तर सहित कई वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि सपा के राष्ट्रीय नेतृत्व में अखिलेश यादव और डिंपल यादव लगातार जन मुद्दों को लेकर सक्रियता दिखा रहे हैं, जिसके तहत जिलों में भी पार्टी कार्यकर्ता जनहित से जुड़े सवालों को प्रमुखता से उठा रहे हैं।



# जनपद में तीन निरीक्षक सहित सात उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में एसपी ने किया फेरबदल

दैनिक बुद्ध का संदेश

**गोन्डा।** गोन्डा जनपद के पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जनपद में कानून व्यवस्था को चुस्त–दुरुस्त बनाए रखने के लिए फिर से तबादला रेल चला दिया है।देर रात जारी आदेश में तीन निरीक्षक और सात उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं।इस कार्रवाई में दो चौकी प्रभारियों को हटाकर थाने में तैनाती दी गई है।हटाए गए चौकी प्रभारियों में पहाड़ापुर चौकी प्रभारी (थाना कटरा बाजार) अशोक कुमार शामिल हैं,जिन्हें उमरी बेगमगंज थाना भेजा गया है। वहीं, सोनी गुमटी चौकी प्रभारी (थाना कोतवाली नगर) मनीष कुमार को इटियाथोक थाना स्थानांतरित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन दोनों चौकी प्रभारियों की लगातार शिकायतें मिलने के बाद हटाया गया है।वहीं निरीक्षक हरिश्चंद्र भारती को अतिरिक्त निरीक्षक थाना मनकापुर से निरीक्षक अपराध थाना इटियाथोक बनाया गया है।खुश मोहम्मद खान को थाना मनकापुर से अपराध शाखा भेजा गया है।मनोज कुमार पाठक जो पहले प्रभारी मीडिया सेल मे थे,अब निरीक्षक अपराध थाना कटरा बाजार बनाए गए हैं। मनोज कुमार पाठक को बीते वर्ष मनकापुर कोतवाल पद से हटाकर ऑफिस में तैनाती दी गई थी,जिसके बाद उन्हें प्रभारी मीडिया सेल बनाया गया था।लंबे समय बाद उन्हें निरीक्षक अपराध की जिम्मेदारी मिली है।उप निरीक्षकों में राजीव कनौजिया को चौकी प्रभारी आर्य नगर (थाना कौड़िया) से चौकी प्रभारी पहाड़ापुर (थाना कटरा बाजार) बनाया गया है।अजय कुमार सिंह का थाना कटरा बाजार से चौकी प्रभारी आर्यनगर, शमशेर खान का थाना इटियाथोक से थाना कोतवाली देहात और कौशल किशोर सिंह का थाना इटियाथोक से थाना परसपुर तबादला किया गया है।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जानकारी देते हुए कहा कि सभी पुलिसकर्मियों को उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी तरह की लापरवाही मिलने पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



आदेश

निम्नलिखित निरीक्षक/उपनिरीक्षकगण का स्थानान्तरण उनके नाम के सम्मुख अंकित स्थान पर जनहित/प्रशासनिक हित में तत्काल प्रभाव से किया जाता है। यह आदेश जनपदीय स्थापना बोर्ड में लिये गये निर्णय के अनुसार जारी किया जा रहा है:-

| क्र0 | पीएनओ | पद | नाम | कहाँ से | कहाँ को |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 972131043 | निरीक्षक | श्री हरिश्चन्द्र भारती | अति0नि0 थाना मनकापुर | निरी0अपराध थाना इटियाथोक |
| 2 | 972470216 | निरीक्षक | श्री खुश मोहम्मद खाँ | थाना मनकापुर | अपराध शाखा |
| 3 | 002290906 | निरीक्षक | श्री मनोज कुमार पाठक | प्रभारी मीडिया सेल | निरी0अपराध थाना कटरा बाजार |
| 4 | 980770762 | उ0नि0 | श्री अशोक कुमार | चौकी प्रभारी पहाड़ापुर, थाना कटरा बाजार | थाना उमरीबेगमगंज |
| 5 | 231053989 | उ0नि0 | श्री राजीव कन्नौजिया | चौकी प्रभारी आर्यनगर, थाना कौड़िया | चौकी प्रभारी पहाड़ापुर, थाना कटरा बाजार |
| 6 | 182314591 | उ0नि0 | श्री अजय कुमार सिंह | थाना कटरा बाजार | चौकी प्रभारी आर्यनगर, थाना कौड़िया |
| 7 | 152333018 | उ0नि0 | श्री मनीष कुमार | चौकी प्रभारी सोनी गुमटी, थाना को0नगर | थाना इटियाथोक |
| 8 | 231087027 | उ0नि0 | श्री योगेश यादव | थाना कोतवाली नगर | चौकी प्रभारी सोनी गुमटी, थाना को0नगर |
| 9 | 892620384 | उ0नि0 | श्री शमसेर खाँ | थाना इटियाथोक | थाना को0देहात |
| 10 | 872130111 | उ0नि0 | श्री कौशल किशोर सिंह | थाना इटियाथोक | थाना परसपुर |

अतः सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/शाखा प्रभारी, गोण्डा, निरीक्षक/उक्त उप निरीक्षकगण को स्थानान्तरण पर तत्काल प्रस्थान कराकर अनुपालन आख्या गोपनीय कार्यालय में लौटती डाक से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संख्या एसटी-टी-3/2026

दिनांक: अप्रैल 27, 2026

## क्रांतिकारी चेतना के आगाजकर्ता थे बाबूलाल यादव – चंद्रभूषण सिंह यादव

**रामपुर कारखाना कुशीनगर।** सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में परिवर्तनकारी आगाज लाने वाले समाजवादीध्बहुजनवादी पुरोधा थे बाबूलाल यादव, उक्त उद्गार स्मृति शेष बाबूलाल यादव के निर्वाण दिवस पर रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त कर स्वयं का स्कूल खोल अपने गांव मालीबारी में शिक्षा की अलख जगाने वाले बाबूलाल यादव अन्यान्य विद्यालयों के सृजनकर्ता के साथ –साथ सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आजीवन क्रांतिकारी चेतना जगाने वाले महान व्यक्तित्व थे।

# अग्निकांड से प्रभावित 11 किसानों को विधायक ने आर्थिक सहायता का चेक सौंपा



दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला/बलरामपुर। .षि उत्पादन मंडी समिति की नीतियों के तहत मुख्यमंत्री खेत–खलिहान दुर्घटना सहायता योजना में अग्निकांड से प्रभावित 11 किसानों को आर्थिक सहायता का चेक विधायक राम प्रताप वर्मा ने सौंपा। पनवापुर गांव में आग लगने से 11 किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई थी। विधायक ने पीड़ित भानमती, तकी खां, हकी खां, बब्बू, शब्बू व विट्टन व अन्य किसानों को सहायता राशि का चेक सौंपा। विधायक ने कहा कि यह योजना आगजनी से प्रभावित किसानों को संबल प्रदान करती है। संकट की इस घड़ी में उनके साथ मजबूती से खड़ा रहना हमारी जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि नैतिक कर्तव्य भी है। पीड़ित परिवारों को समय पर सहायता उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान महेश गुप्त, प्रमोद जायसवाल, धर्म प्रकाश, जसवंत वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# नहर में नहाते समय डूबने से किशोर की मौत, इलाके में मचा हड़कंप



दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। जनपद के देहात कोतवाली अन्तर्गत एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां नहर में नहाने गए एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, किशोर अपने साथियों के साथ नहर में नहाने गया था। इसी दौरान गहराई अधिक होने और पानी के तेज बहाव के चलते वह अचानक डूबने लगा। साथियों ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त नहर में पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, बावजूद इसके सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नहर किनारे सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

# ट्रांसफर आदेश की अवहेलना: 20 अप्रैल के आदेश के बाद भी अधीक्षक ने नहीं छोड़ी कुर्सी, स्वास्थ्य विभाग पर उठे गंभीर सवाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

कैसरगंज/बहराइच। जनपद के स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। कैसरगंज स्थित ठाकुर हुकुम सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्सा अधीक्षक निशकांत सिंह द्वारा उच्च अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश की अनदेखी का मामला सामने आया है, जिससे विभाग में हलचल मच गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार द्वारा 20 अप्रैल 2026 को जारी आदेश में नरेंद्र सिंह को कैसरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नया अधीक्षक नियुक्त किया गया था, जबकि वर्तमान अधीक्षक निशकांत सिंह का स्थानांतरण फखरपुर कर दिया गया। इसके बावजूद कई दिन बीत जाने के बाद भी नए अधीक्षक को अब तक कार्यभार नहीं सौंपा गया है। सूत्रों के मुताबिक, निशकांत सिंह पिछले लगभग 25 वर्षों से बहराइच जनपद के कैसरगंज एवं हजूरपुर क्षेत्रों में तैनात रहे हैं। इतने लंबे समय तक एक ही जिले में तैनाती को लेकर विभागीय पारदर्शिता और स्थानांतरण नीति पर भी प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। मामले को और गंभीर बनाते हुए यह आरोप भी सामने आए हैं कि लंबे समय से तैनाती के दौरान निजी प्रैक्टिस की जा रही है, जो कि सरकारी सेवा नियमों के विरुद्ध है। हालांकि, इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। गौरतलब है कि यह पहला मामला नहीं है जब स्थानांतरण आदेशों की अवहेलना की खबरें सामने आई हों। इससे पूर्व भी ऐसे प्रकरण चर्चा में रहे हैं, जिससे विभागीय सख्ती और शासन की प्रभावशीलता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। इस पूरे घटनाक्रम ने न केवल स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि यह भी दर्शाता है कि यदि उच्चाधिकारियों के आदेशों का पालन सुनिश्चित नहीं कराया जाता, तो प्रशासनिक व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित होती है। धरना प्रदर्शन की चेतावनी इधर, इस प्रकरण को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भानु) के कार्यकर्ता व पदाधिकारी आक्रोशित हैं। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही स्थानांतरण आदेश का पालन कराकर नए अधीक्षक को कार्यभार नहीं दिलाया गया, तो मुख्यालय प्रांगण बहराइच में धरना–प्रदर्शन किया जाएगा। अब देखना यह होगा कि संबंधित प्रकरण में विभाग क्या कदम उठाता है और क्या नव नियुक्त अधीक्षक नरेंद्र सिंह को उनका वैधानिक कार्यभार शीघ्र मिल पाता है।



कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बहराइच।

पत्रांक–मु0चि0अ0/चि0अ0/स्थानान्तरण/2026–27/457/3/11 दिनांक 20 अप्रैल 2026

–: आदेश :–

एतद्द्वारा उत्तर प्रदेश शासन चिकित्सा अनुभाग–2 के शासनादेश संख्या–5–2099/185/2023–चिकित्सा अनुभाग–2 चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, दिनांक 06.06.2025 के अनुपालन में तीन वर्ष से अधिक समय से तैनात एवं राजकीय कार्यहित में अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को उनके नाम के सम्मुख अंकित विवरण के अनुसार स्तम्भ संख्या–3 से स्तम्भ संख्या–4 पर तैनात किया जाता है।

| क्र0सं0 | अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी का नाम/ई0एच0आर0एम0एस0 | वर्तमान तैनाती स्थान | नवीन तैनाती स्थान | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | डा0 निशाकान्त सिंह /160974 | अधीक्षक, सामु0स्वा0केन्द्र–कैसरगंज | अधीक्षक सामु0स्वा0केन्द्र–फखरपुर | तीन वर्ष से अधिक तैनाती |
| 2 | डा0 अभिषेक अग्निहोत्री/225500 | अधीक्षक, सामु0स्वा0केन्द्र–तेजवापुर | अधीक्षक सामु0स्वा0केन्द्र–चित्तौरा | तीन वर्ष से अधिक तैनाती |
| 3 | डा0 नरेन्द्र सिंह/966176 | अधीक्षक, सामु0स्वा0केन्द्र–फखरपुर | अधीक्षक सामु0स्वा0केन्द्र–कैसरगंज | तीन वर्ष से अधिक तैनाती |
| 4 | नलिन रजा/183275 | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्रा0स्वा0केन्द्र– शिवपुर | अधीक्षक सामु0स्वा0केन्द्र नानपारा | तीन वर्ष से अधिक तैनाती |
| 5 | डा0 चन्द्रभान राम/252907 | अधीक्षक सामु0स्वा0केन्द्र– नानपारा | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्रा0स्वा0केन्द्र– शिवपुर | तीन वर्ष से अधिक तैनाती |
| 6 | डा0 तबरेज अहमद / 226304 | अधीक्षक, सामु0स्वा0केन्द्र–चित्तौरा | अधीक्षक सामु0स्वा0केन्द्र–महसी | राजकीय कार्यहित में |
| 7 | डा0 उपेन्द्र कुमार/103875 | अधीक्षक, सामु0स्वा0केन्द्र–महसी | अधीक्षक, सामु0स्वा0केन्द्र–सेमरा | राजकीय कार्यहित में |
| 8 | डा0 आकांक्षा राय/161079 | प्रा0स्वा0केन्द्र–कीर्तनपुर | अधीक्षक सामु0स्वा0केन्द्र–तेजवापुर | राजकीय कार्यहित में |
| 9 | डा0 मनु शर्मा/159394 | अधीक्षक, सामु0स्वा0केन्द्र–चिरैय्याटाड़ | उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी कार्या0 अधोहस्ताक्षरी | राजकीय कार्यहित में |
| 10 | डा0 आभास अंकुर श्रीवास्तव/245860 | उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी कार्या0 अधोहस्ताक्षरी | अधीक्षक सामु0स्वा0केन्द्र–चिरैय्याटाड़ | राजकीय कार्यहित में |

उपर्युक्त अंकित चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि स्थानीय व्यवस्था पर तत्काल कार्यमुक्त होकर नवीन तैनाती पर कार्यभार ग्रहण करना सुनिश्चित करें। कार्यभार ग्रहण प्रमाणक सम्बन्धित अधिकारियों को प्रेषित किया जाय। उपर्युक्त अंकित चिकित्साधिकारियों द्वारा नवीन तैनाती स्थान पर कार्यभार ग्रहण न कर स्थानान्तरण रोकने हेतु बाह्य प्रभाव डलवाने का प्रयास उत्तर प्रदेश सरकार सेवक आचरण नियमावली 1956 के नियम 27 का उल्लंघन मानते हुए उसके विरुद्ध उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली–1997 यथा संशोधित के सुसंगत प्राविधानों के अनुसार कार्यवाही का प्रस्ताव शासन को प्रेषित कर दिया जायेगा। संबंधित चिकित्साधिकारियों के माह अप्रैल, 2026 का वेतन नवीन तैनाती स्थान पर कार्यभार ग्रहण कर लिये जाने के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच।

क्रमशः पृष्ठ संख्या–2

# 10 हजार की रिश्वत लेते एसआई रंगे हाथ गिरफ्तार, एंटी करप्शन टीम की बड़ी कार्रवाई



दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। जनपद में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन टीम ने एक सब–इंस्पेक्टर को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरतार कर लिया। यह कार्रवाई पीड़ित की शिकायत के आधार पर सुनियोजित तरीके से की गई। जानकारी के अनुसार, आरोपी सब–इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र, जो मोतीपुर थाने में तैनात हैं, एक मुकदमे में नाम निकालने के एवज में 10 हजार रुपये की मांग कर रहे थे। पीड़ित ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की, जिसके बाद टीम ने जाल बिछाकर आरोपी को रिश्वत लेते समय पकड़ लिया। कार्रवाई के बाद आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एंटी करप्शन टीम ने नानपारा कोतवाली में आरोपी एसआई के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। इस घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है, वहीं आम जनता में इस कार्रवाई को लेकर संतोष देखा जा रहा है।

# हर घर नल जल योजना की जिलाधिकारी ने की बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जनपद में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सु.ढ़ एवं शिकायतमुक्त बनाने के लिए जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में हर घर नल जल योजना की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर से पेयजल संबंधी शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए। जहां कहीं भी पेयजल आपूर्ति में समस्या हो, उसे तत्काल प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी भीषण गर्मी एवं मई माह को ध्यान में रखते हुए सभी ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्रों में निर्बाध, नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाये, पेयजल आपूर्ति केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि प्रत्येक घर तक वास्तविक रूप से पानी पहुंचना सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देश देते हुए कहा कि यदि किसी माध्यम से पेयजल आपूर्ति में लापरवाही की शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी हर घर नल योजना के अन्तर्गत जिन 364 राजस्व गांवों



में पेयजल की आपूर्ति हेतु जल जीवन मिशन द्वारा सुची उपलब्ध करायी गयी है उन सभी राजस्व गावों में हर घर नल जल योजना के तहत जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाये यदि किसी प्रकार की समस्या होतो उसका निराकरण 10 दिवस के अन्दर निराकरण कर लिया जाये, निराकरण न किये जाने के स्थिति में सम्बन्धित दोषि के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की कार्यवाही की जायेगी, 364 राजस्व गावों में हर घर नल जल योजना के माध्यम से जल आपूर्ति किये जाने की सूची प्राप्त हुई है उन राजस्व गांवों टैंकर के माध्यम से जल आपूर्ति न की जाये, यदि टैंकर के माध्यम स्थिति उत्पन्न होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। बैठक के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पेयजल आपूर्ति समस्या के निराकरण हेतु जनपद स्तर व ब्लॉक स्तर पर जो कन्ट्रोल रूम बनाये गये पूरी तरह से शक्रिय रखा जाये पेयजल आपूर्ति से सम्बन्धित कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उसका तत्काल निराकरण किया जाये, बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे क्षेत्रवार सतत निगरानी बनाए रखें तथा पाइपलाइन, मोटर, पंप आदि तकनीकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें साथ ही कार्यों की नियमित समीक्षा कर प्रगति से अवगत कराते रहें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) रोहित यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सर्पदंश से 60 वर्षीय महिला की हुई मौत, मचा कोहराम

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मझौली में मंगलवार की अल सुबह भोर में लगभग 3रू00 बजे आंगन में सो रही महिला शांति देवी 60 वर्ष पत्नी स्वर्गीय रामकिशुन निवासी मझौली थाना दुद्धी रात्रि में बिजली काटने के दौरान भोर में प्यास लगने पर उठी और अपने घर के अंदर जाने लगी तभी घर की चौखट पर पहले से बैठे हुए गेहूंमन साप के ऊपर महिला का पर चला गया , जिससे गुस्सा जहरीले सांप ने महिला के दोनों पैर को लपेट लिया , और दो बार उसे डसा, सांप पैर में काटने के बाद महिला जोर से चीखी चिल्लाई , तो घर के परिजनों की नींद टूट गई और मौके पर पहुंचकर देखा कि महिला के पैर से खून और मुंह से झाग निकलता देख परिजनो ने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी लाया जहां ड्यूटी में तैनात चिकित्सक द्वारा महिला को देखते ही मृत घोषित कर दिया एवं अस्पताल के मेमो जरीये पुलिस को सूचना दिया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पीएम हेतु मोर्चरी भेजवा दिया एवं अग्रिम कार्रवाई में पुलिस जुट गई।

## 950 ग्राम अवैध गांजा के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना चोपन पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। 27.04.2026 को समय करीब 20रू30 बजे थाना चोपन पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग के दौरान अवई फासिल्स पार्क तिराहा के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक सफेद झोले में 950 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम शाहिद आलम पुत्र मुन्ना टेलर, निवासी चोपन बैरियर हाइड्रिल कॉलोनी थाना चोपन जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 32 वर्ष बताया। उक्त बरामदगी/गिरतारी के आधार पर थाना चोपन पर मु0अ0सं0–150/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजी.त कर, अभियुक्त को गिरतार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

## बुलेरो व बाइक के टक्कर में 1 की मौत 7 घायल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। माँ वैष्णो मंदिर दर्शन करने जा रहे बोलेरो



नवटोलिया में मोटरसाईकिल से टक्कर हो गई।घटना में मोटरसाईकिल सवार युवक की मौत हो गई।जबकि बोलेरो सवार एक ही परिवार के सात लोग घायल हो गये।घटना के सम्बंध में बताया गया कि तेलगुड़वा से मोटरसाईकिल सवार कोटा क्षेत्र में कही जा रहा था,वह नवटोलिया पहुँचा ही था कि सामने से आ रही बोलेरो अनियंत्रित होकर मोटरसाईकिल को धक्का मारते हुए पेड़ से टकराकर खाई में पलट गई। बोलेरो में दबे लोगो की चीखपुकार सुनकर आसपास के पलटा बोलेरो को सीधा कर सभी को बाहर निकाला। मोटरसाईकिल सवार बेहोशी की हालत में पड़ा था।लोगो ने फोन करके ऐम्बुलेंस को बुलाया और घायलो को सामुदायिक केन्द्र चोपन भेजवाया।जहाँ चिकित्सको ने मोटरसाईकिल सवार को मृत घोषित कर दिया।मृतक की पहचान जितेन्द्र कुमार दूबे (30)पुत्र रामाकांत दूबे,निवासी लाखनपुर,मुगलसराय–चंदौली का रहने वाला बताया गया।बोलेरो सवार सभी लोग कचनरवा के बेसाहू खाड़ी के रहने वाले हैं जो बाड़ी स्थित माँ वैष्णो शक्तिपीठ धाम में दर्शन करने जा रहे थे।बोलेरो सवार घायलो में श्यामलाल(50) पुत्र हरिकिशुन, पत्नी सीमा(45) और उनके पाँच बच्चे शशीकला(16),प्रिती(12),ममता(10),अश्वनी(08) एंव आयन्त(05) वर्ष घायल हो गये।घायलो में श्यामलाल,सीमा व अश्वनी की हालत गंभीर बताया जा रहा है। जिन्हें जिला अस्पताल भेज दिया गया। बोलेरो चालक राजेश को भी हल्की चोटे लगी है जो घटना के बाद मौके से कही भाग गया।चोपन थाने के उप निरीक्षक हल्का इंचार्ज रामफेर यादव ने बताया कि मृतक के परिजनो को घटना की जानकारी से अवगत करा दिया गया है।

## लू (हीट स्ट्रोक) से बचाव हेतु जनहित में जिला प्रशासन ने की एडवाइजरी जारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला ने अवगत कराया है कि जनपद में विगत दिनों में तापमान 40 डीग्री से 42 डीग्री के आस पास दर्ज किया जा रहा है, जो कि अत्यधिक गर्मी को प्रदर्शित करता है और आने वाले दिनों में तापमान बढ़कर 45 डीग्री पहुँचने का अनुमान है। शरीर में पानी/नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। इसके क्रम में लू (हीट स्ट्रोक) गर्म हवाओं से बचने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश निम्नवत हैं– लू (हीट स्ट्रोक) के लक्षण। गर्म, लाल, शुष्क त्वचा का होना, पसीना न आना। तेज पल्स होना। उथले श्वास गति में तेजी। व्यवहार में परिवर्तन, भ्रम की स्थिती।सिरदर्द, मितली, थकान, और कमजोरी होना, चक्कर आना। मूत्र न होना अथवा इसमें कमी। लू (हीट स्ट्रोक) से बचने के उपाय। क्या करें स्थानिय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें। आपात स्थिती से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। अधिक से अधिक पानी पियें। यदि प्यास न लगी हो तब भी। हल्के रगं के पसीना शोषित करने वाले हल्के वस्त्र पहने। धूप के चश्मे, छाता, गमछा, टोपी व चप्पल का प्रयोग करें। अगर आप खुले में कार्य करते हैं तो सिर, चेहरा, हाथ पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें तथा छाता का प्रयोग करें। दोपहर में घर से निकलते समय शरीर के अंगों को अधिक से अधिक ढककर रखें। सूती व खादी वस्त्र पहनें। यात्रा करते समय पीने का पानी साथ ले जाएं। घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड़), नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके। अपने घर को ठण्डा रखें, पर्दे, दरवाजे आदि का उपयोग करें तथा शाम/रात के समय घर तथा कमरों को ठण्डा करने हेतु इसे खोल दें। पंखे, गीले कपड़ों का उपयोग करें तथा बारम्बार स्नान करें। कार्य स्थल पर ठण्डे पीने का पानी रखें/उपलब्ध करायें। कर्मियों को सीधी सूर्य की रोशनी से बचने हेतु सावधान करें। गर्भस्थ महिला कर्मियों तथा रोगग्रस्त कर्मियों पर अतिरिक्त ध्यान देना चाहिए। दोपहर 12 से 4 बजे घर के अंदर रहें। पशुओं को छाया में रखें व ताजा पानी दें। क्या न करें। गहरे रंग के भारी तथा तंग कपड़े न पहनें। खाली पेट घर से बाहर न निकलें। एल्कोहल, चाय व कॉफी से परहेज करें। बासी खाने से परहेज करें। जानवर एवं बच्चों को कभी भी बन्द/खड़ी गाड़ियों में अकेला न छोड़ें। दोपहर में अतिरिक्त शारीरिक श्रम न करें। वाहनों को धूप में खड़ा न करें। धूप में नगें पॉव न रहें।

## महुली एचपी गैस एजेंसी के सामने लूना बाइक अनियंत्रित, सवार बुजुर्ग गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। विंढमगंज थाना क्षेत्र के महुली एचपी गैस एजेंसी के समक्ष रीवां–रांची राष्ट्रीय राजमार्ग–39 पर मंगलवार दोपहर



करीब एक बजे एक लूना बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाइक पर पीछे बैठे 70 वर्षीय रामबृक्ष पुत्र मखनलाल कन्नौजिया निवासी मकरी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों सवार कोरगी से मकरी अपने घर लौट रहे थे। चालक ने अचानक सामने ब्रेक लगाया, जिससे बाइक फिसल गई। रामबृक्ष को पैर में गंभीर चोटें आईं, जबकि चालक बाल–बाल बच गया। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना मिलते ही 102 एम्बुलेंस की टीम पहुंची। ईएमटी पंकज और चालक विजय ने घायल को सीएचसी दुद्धी पहुंचाया।जहां चिकित्सक डॉ. सुनील ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल लोढ़ी सोनभद्र के लिए रेफर कर दिया।

## निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने जनपद में संचालित



विभिन्न निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर उनकी प्रगति का जायजा लिया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान उन्होंने टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर, पर्यटन कार्यालय तथा राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय लोढ़ी के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि भवन निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच थर्ड पार्टी के माध्यम से कराई जाए साथ ही कार्यस्थल पर श्रमिकों से संबंधित सभी रजिस्टर अद्यतन रूप से उपलब्ध रखने तथा निर्माण कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। पर्यटन कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि को फिनिशिंग कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि भवन का उपयोग जल्द से जल्द प्रारंभ किया जा सके। निरीक्षण के दौरान राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय लोढ़ी के निर्माण कार्य की प्रगति धीमी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की, उन्होंने अधिशासी अभियंता यूपी सिडको को निर्देशित किया कि कार्य में तेजी लाने हेतु श्रमिकों की संख्या बढ़ाई जाए और निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर लिया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला अर्थ संख्या अधिकारी संत पाल वर्मा, सहायक पर्यटन अधिकारी राजेश भारती, ए0डी0एस0टी0ओ0 जय सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने दिवंगत शिक्षिका को दी श्रद्धांजलि

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। बीआरसी सभागार में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ एवं



शिक्षकों ने सड़क हादसे में दिवंगत प्रधानाध्यापिका नीलम गिरी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर भावभीनी विदाई दी गई और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षकों में शोक की लहर दिखाई दी और माहौल पूरी तरह भावुक हो गया। खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार पटेल ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि नीलम गिरी बेहद सजग, प्र.ति से जुड़ी और अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित शिक्षिका थीं, उनका असमय निधन विभाग के लिए अपूरणीय क्षति है। वहीं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष अशोक त्रिपाठी और महामंत्री इंदु प्रकाश सिंह ने कहा कि नीलम गिरी सौम्य, मिलनसार और हंसमुख स्वभाव की थीं तथा अपने दायित्वों के प्रति सदैव सजग रहती थीं। वाराणसी में हुए सड़क हादसे में नीलम गिरी और उनके पति की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि उनकी शिक्षिका बेटी और दामाद का बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में इलाज जारी है। शोकसभा में जिला मीडिया प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव, दिवाकर तिवारी, दिनेश दुबे, प्रदीप सिंह, कौसर जहां, सुनिश मौर्य, एआरपी मयंक दुबे, अनिल, धनंजय, सुनील, शिवशंकर समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

## अस्पताल पहुंचे सपा प्रमुख, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल का हालचाल जाना

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव




एक बार फिर मानवीय संवेदना का उदाहरण पेश करते हुए लखनऊ के मेदांता अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने भर्ती सदर विधायक अनुपमा जायसवाल का हालचाल जाना। इस दौरान उनके साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि सपा प्रमुख ने सदर विधायक अनुपमा जायसवाल और परिजनों से बातचीत कर उनका हाल जाना तथा हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राजनीति से ऊपर इंसानियत होती है और समाज में आपसी भाईचारा व सौहार्द बना रहना चाहिए। इस मौके पर क्षेत्रीय सदर विधायक बहराइच अनुपमा जायसवाल भी उपस्थित रहीं। दोनों नेताओं की मुलाकात को लेकर क्षेत्र में चर्चा बनी रही। अखिलेश यादव ने कहा कि समाज में बैमनस्य की बजाय एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना जरूरी है। उनके इस कदम को स्थानीय लोगों ने सराहा और इसे सकारात्मक राजनीति का संदेश बताया।

## नामांकन अभियान चलाकर किया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। खंड शिक्षा अधिकारी चोपन के नेतृत्व में परिषदीय कर्मचारियों ने मंगलवार को विकास खंड चोपन के भलुआ टोला में घर घर जाकर अभिभावकों को अपने 06से 14 वर्ष के समस्त बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराने को लेकर नामांकन अभियान चलाकर जागरूक किया। इस अभियान का नेतृत्व खंड शिक्षा अधिकारी चोपन लोकेश मिश्रा ने किया। इस अभियान के तहत कुल 51 बच्चे नामांकन हेतु चिह्नित किए गए। वही चिह्नित 51 बच्चों में से कुल 20 बच्चों का नामांकन भी किया गया।बाकी बचे बच्ची का नामांकन आगामी वर्किंग डे पर किया जाएगा। इस दौरान परिषदीय कर्मचारियों ने अभिभावकों को शासन से बच्चों को मिलने वाले सुविधाओं की जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को निःशुल्क यूनिफॉर्म,स्वेटर,जूते मोजे, स्कूल बैग हेतु डीबीटी से 1200/– निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर,गरमा गर्म मध्याह्न भोजन,प्रत्येक बुधवार को दूध, सोमवार को फल दिया जाता है ।आप अपने पात्र पाल्यो का नजदीकी परिषदीय विद्यालय में नामांकन कराए।इस हेतु लोगो को प्रेरित किया गया। शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है।इसलिए बच्चे को शिक्षा दिलाने में माता पिता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है । इस अभियान में विकास खंड चोपन के समस्त एआरपी वंशदीप,प्रशांत एवं ज्ञान प्रकाश के साथ ही प्राथमिक विद्यालय भलुआ टोला,बिल्ली प्रथम के सभी शिक्षक शिक्षा मित्र सम्मिलित रहे। वही इस कार्यक्रम में आनंद पटेल दयालु का सराहनीय योगदान रहा।

## सलखन प्राथमिक स्वास्थ्य पर लगा सौर उर्जा 8 वर्षो से बना शो पीस, विभाग बना मौन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सदर विकास खण्ड सलखन न्याय पंचायत आदिवासी बहुल क्षेत्र के गरीब निरिह महिला पुरुष बच्चों के लिए सरकारी स्वास्थ्य सुविधा के नाम से नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लगभग आठ वर्षो से तो संचालित कर तो दिया गया है।लेकिन उसी समय से लाखों रुपये की लागत से सौर ऊर्जा भी लगया गया जो 8 वर्षो से तकनीकी कमियों के कारण शो पीस बन कर रह गया है। जो इन दिनो भीषण तपन उमस गर्मी में जबरदस्त विद्युत




कटौवती से महिला पुरुष बच्चे मरीज के साथ समस्त स्टाप भी गर्मी से बेहाल हो रहे हैं। वहीं चोट चपेट घायल मरीजों के साथ महिला प्रसव के दौरान में रात के अंधेरों में इलाज के लिए विकट समस्या है वहीं बिजली के अभाव में पानी की स्पलाई न होने से पीने के पानी को लेकर महिलाओ पुरुषों को सुलभ शौचालय की भी समस्या हो गई है। जब इस सम्बंध में क्षेत्रीय प्रबुद्ध ग्रामीणों और प्रधान प्रतिनिधि अरविंद सिंह गोड़ ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों समेत जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दर्जनों बार अवगत कराया जा चुका है इसके बावजूद भी मुख्य चिकित्सा विभाग सोनभद्र मौन बना हुआ है।

पूर्व महिला स्टाफ ने बताया कि रात के अधेरों मे सड़क दुर्घटनाओं में घायलो को मलहम पट्टी के साथ महिलाओं को प्रसव कराने के लिए बिजली के अभाव में मोमबत्ती व मोबाइल टार्ज का सहारा लेना पड़ता हैं। उक्त सम्बंध में गुलाब चंन्द्रा,भारती, राघवेंन्द्र भारती, नारद, भोला जायसवाल, पप्पू संजय, विजय कुमार इत्यादि लोगों ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों समेत जिलाधिकारी से अविलंब स्थलीय निरिक्षण कर उचित कार्यवाही करने की मांग किया है। जो जनहित में हैं।

## थाना रानीपुर को मिले नए SHO, हरेंद्र कुमार मिश्रा ने संभाली कमान

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। जनपद के विभिन्न थानों पर अपनी सेवाएं दे चुके वरिष्ठ थाना अध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा को थाना रानीपुर का नया प्रभारी ( SHO ) नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति के बाद क्षेत्र में कानून–व्यवस्था को और मजबूत करने की उम्मीद जताई जा रही है। हरेंद्र कुमार मिश्रा अपनी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और निष्पक्ष कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। पुलिस विभाग में उनके लंबे अनुभव को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्थानीय लोगों और पुलिस कर्मियों ने उनके कार्यकाल को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की है। नए ँभ्व् के रूप में कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और अपराध नियंत्रण उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पुलिस हर समय तत्पर रहेगी। इस अवसर पर बहराइच दैनिक बुद्ध का सन्देश सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों और क्षेत्रीय लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रकः– श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक– राजेश कुमार शर्मा
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458 9415163471, 9453824459 दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# गवर्नरः द साइलेंट सेवियर से मनोज बाजपेयी का फर्स्ट लुक पोस्टर आउट, 12 जून, 2026 को रिलीज होगी फिल्म

विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म गवर्नररू द साइलेंट सेवियर अपनी घोषणा के बाद से ही चर्चा में बनी हुई है. हाल ही में, मनोज बाजपेयी के जन्मदिन के मौके पर एक दिलचस्प पोस्टर के साथ फिल्म के टाइटल का खुलासा किया गया था. अब, फिल्म के नए पोस्टर्स रिलीज कर दिए गए हैं, जो एक बड़ा खुलासा करते हैं जिसका दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था, और हमें इस इंटेंस ड्रामा की दुनिया के और करीब ले जाते हैं.




गवर्नर के नए पोस्टर्स ने स्टार कास्ट का खुलासा कर दिया है, जिसमें मनोज बाजपेयी और अदा शर्मा नजर आएंगे, जहां अलग–अलग पोस्टर्स नेशनल अवार्ड विनर एक्टर मनोज बाजपेयी के अलग–अलग शेड्स दिखाते हैं, वहीं ये पोस्टर्स पर्दे पर दिखने वाले जबरदस्त ड्रामा के बारे में भी बहुत कुछ बयां करते हैं.

कास्ट के चेहरे सामने आने के अलावा, पोस्टर्स में कुछ दमदार टैगलाइन्स भी दी गई हैं जैसेकृ अब बारी मेरी है, आई विल नॉट लेट इंडिया फेल, और इंडिया इज ऑन द वर्ज ऑफ बैंकरअप्ट्सी, ही सौ ईट कमिंग. ये सभी भारत के आर्थिक संकट के एक मुश्किल दौर की ओर इशारा करते हैं. अब यह देखने के लिए उत्साह चरम पर है कि फिल्म में मनोज बाजपेयी किस तरह का किरदार निभाएंगे. यह एक युद्ध था. इसमें कोई सेना नहीं थी. बस एक आदमी... जिसने देश को गिरने से बचाने की ठान ली थी. विपुल अमृतलाल शाह प्रोडक्शन की फिल्म गवर्नररू द साइलेंट सेवियर सनशाइन पिक्चर्स द्वारा पेश की जा रही है. विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित और चिन्मय मांडलेकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म के को–प्रोड्यूसर आशिन ए. शाह हैं. फिल्म को सुवेंदु भट्टाचार्यजी, सौरभ भरत, रवि असरानी और खुद विपुल अमृतलाल शाह ने लिखा है. जावेद अख्तर के लिखे गानों को अमित त्रिवेदी ने अपने संगीत से सजाया है. गवर्नररू द साइलेंट सेवियर 12 जून, 2026 को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है.

# भूत बंगला बॉक्स ऑफिस डे 10 : वर्ल्डवाइड 200 करोड़ के करीब पहुंची अक्षय की फिल्म, दूसरे रविवार किया बंपर कलेक्शन

अक्षय कुमार की हॉरर कॉमेडी फिल्म भूत बंगला ने दूसरे रविवार को भी बॉक्स ऑफिस पर अपना




जलवा बरकरार रखा और शानदार कलेक्शन किया. इससे भूत बंगला के डोमेस्टिक और वर्ल्डवाइड कलेक्शन में बड़ा इजाफा हुआ है. अक्षय कुमार अपनी कॉमेडी से दर्शकों के दिलों में फिर से जगह बनाने का काम कर रहे हैं. फिल्म पहले ही भारत में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है और वर्ल्डवाइड कलेक्शन 200 करोड़ रुपये के करीब पहुंच चुका है. चलिए जानते हैं. फिल्म दूसरे रविवार बॉक्स ऑफिस कमाई के कितने झंडे गाड़े हैं.

सैक्निल्क के अनुसार, फिल्म भूत बंगला ने दूसरे रविवार यानी 10वें दिन भारत में 12.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. इस कमाई के साथ फिल्म का भारत में कुल कलेक्शन अनुमानित 113.40 करोड़ रुपये हो गया है. प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने विश्व स्तर पर अनुमानित 179.48 करोड़ रुपये की कमाई की है. इसी के साथ भूत बंगला अक्षय कुमार की हाल ही में रिलीज हुई कुछ फिल्मों से आगे निकल गई है, जिनमें केसरी चौप्टर 2 (145.01 करोड़ रुपये), स्काई फोर्स (150.01 करोड़ रुपये) और जॉली एलएलबी 3 (171.64 करोड़ रुपये) शामिल हैं.

सैकनिल्क ने बताया कि फिल्म देश भर में 10वें दिन 9,498 शो में चली. भारत में इसका कुल ग्रॉस कलेक्शन 134.98 करोड़ रुपये हो गया है. विदेशों में, भूत बंगला ने 10वें दिन 3 करोड़ रुपये की कमाई की. इससे इसकी कुल विदेशी कमाई 44.50 करोड़ रुपये हो गई और इसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन 179.48 करोड़ रुपये तक पहुंच गया.

फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों से मिली–जुली प्रतिक्रिया मिली है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसने अपना जलवा बरकरार रखा है. हालांकि, इसका मौजूदा कुल कलेक्शन सनी देओल स्टारर युद्ध ड्रामा फिल्म बॉर्डर 2 से काफी पीछे है , जिसने विश्व स्तर पर 450.20 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया था.

भूत बंगला से अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी 14 साल बाद लौटी है. फिल्म के कलाकारों में असरानी, परेश रावल, राजपाल यादव, तब्बू, जिशु सेनगुप्ता और वामिका गब्बी शामिल हैं.

# ऋचा चड्ढा पहली बार निभाने जा रहीं ऐसा अवतार, ओटीटी पर चौंकाएगा नया अंदाज



मसान और फुकरे जैसी फिल्मों में अपनी अमिट छाप छोड़ने वालीं ऋचा चड्ढा एक बार फिर चर्चा में हैं। आखिरी बार उन्हें संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरामंडीरू द डायमंड बाजार ( मई, 2024) में लज्जो का किरदार निभाते हुए देखा गया था। ताजा अपडेट है कि ऋचा एक बिल्कुल अलग अवतार में दर्शकों को फिर से चौंकाने के लिए आ रही हैं। उन्हें जल्द ही ओटीटी की एक रोमांचक क्राइम थ्रिलर सीरीज में मुख्य किरदार निभाते हुए देखा जाएगा।

के मुताबिक, ऋचा को उनके द्वारा निभाई गई पीरियड भूमिका से बिलकुल अलग, आगामी परियोजना में एक जासूस के किरदार में देखा जाएगा। सीरीज के बारे में ज्यादा विवरण तो सामने नहीं आया है, लेकिन अभिनेत्री ने इसकी शूटिंग शुरू कर दी है। यह शो अपराध और जांच की पृष्ठभूमि पर आधारित एक जटिल कहानी दर्शकों के सामने पेश करेगा। इसमें अभिनेत्री का किरदार बतौर जासूस इन रहस्यों की गुत्थी को सुझलाने का काम करेगा।

सूत्र ने कहा, हीरामंडी के बाद और प्रेग्नेंसी के बाद, ऋचा कुछ बिल्कुल अलग करना चाहती थीं। एक जासूस की भूमिका उन्हें तीक्ष्ण और बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन दिखाने का मौका देती है। उन्होंने शूटिंग शुरू कर दी है, और इसका लुक और टोनैलिटी उनके द्वारा पहले किए गए किसी भी काम से बिल्कुल अलग है। बता दें, हीरामंडी की रिलीज के बाद जुलाई, 2024 में ऋचा ने बेटी को जन्म दिया था। तब से वह पर्दे से दूर हैं।

# रश्मिका मंदाना की मैसा का केरल शेड्यूल शुरू, केचा मास्टर के निर्देशन में शूट होंगे 15 दिनों के जबरदस्त एक्शन सीन्स




साउथ सिनेमा की खूबसूरत हसीना रश्मिका मंदाना की मैसा 2026 की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक होने वाली है. अपनी वर्सटालिटी और स्क्रीन प्रेजेंस के लिए मशहूर रश्मिका इस फिल्म में एक जबरदस्त एक्शन अवतार में नजर आएंगी, जो उनकी इमेज को पूरी तरह बदल सकता है.

हाल ही में आए एक पोस्टर ने उनके इंटेंस ट्रांसफॉर्मेशन की झलक दिखाई थी. खबरों की मानें तो रश्मिका फिल्म के डिमांडिंग एक्शन सीन्स के लिए कड़ी मेहनत और डेली ट्रेनिंग कर रही हैं. हाई–इम्पैक्ट स्टंट्स से लेकर फिजिकली चौलेंजिंग सीन्स तक, वो कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं.

फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ाते हुए मेकर्स ने अब एक नया वीडियो शेयर किया है, जिसमें बताया गया है कि केरल में 15 दिनों का शूटिंग शेड्यूल शुरू हो चुका है. इस हाई–ऑक्टेन शेड्यूल की एक्शन कोरियोग्राफी केचा मास्टर कर रहे हैं. वीडियो में रश्मिका एक्शन डायरेक्टर के साथ घने जंगलों के बीच कॉम्बैट मूव्स की रिहर्सल करती दिख रही हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म में बेहद रॉ और खतरनाक एक्शन सीक्वेंस होंगे. साफ है कि मैसा में रश्मिका का एक पावरफुल एक्शन अवतार देखने को मिलने वाला है. वीडियो शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, मैसा एक्शन में वापस आ गई है, केरल में फिलहाल 15 दिनों का एक हाई–ऑक्टेन शेड्यूल चल रहा है, जिसकी एक्शन कोरियोग्राफी जैकास्टंट्स मास्टर द्वारा की जा रही है. रश्मिका मंदाना अपने अब तक के सबसे विस्फोटक और इंटेंस अवतार में पर्दे पर आग लगाने के लिए तैयार हैं.

फिल्म के विजुअल स्टोरीटेलिंग सिनेमैटोग्राफर श्रेयस कृष्णा ने तैयार किए हैं, जबकि इसका म्यूजिक जेक्स बेजॉय ने कंपोज किया है. फिल्म के एक्शन लेवल को बढ़ाने के लिए, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर स्टंट कोरियोग्राफर एंडी लॉन्ग इस महत्वाकांक्षी एंटरटेनर के हाई–इंटेंसिटी सीन्स को डिजाइन कर रहे हैं. अनफॉर्मूला फिल्म्स द्वारा निर्मित और रविंद्र पुल्ले द्वारा निर्देशित, मैसा आदिवासी इलाकों पर आधारित एक इमोशनल एक्शन थ्रिलर है, जो दमदार विजुअल्स, एक दिलचस्प कहानी और रश्मिका की यादगार परफॉरमेंस का वादा करती है.

# ब्लश से बढ़ जाएगी आपके गालों की लाली, इसे इस तरह करना चाहिए इस्तेमाल



ब्लश एक प्रसिद्ध मेकअप उत्पाद है, जो गालों को गुलाबी बनाने और चेहरे पर लाली लाने में मदद करता है। हालांकि, जिन्होंने नया–नया मेकअप करना शुरू किया हो, उनके लिए इसे सही तरीके से लगाना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ खास मेकअप टिप्स के बारे में बताएंगे, जिनकी मदद से हर बार आपका ब्लश अच्छे से लगेगा। इन टिप्स को अपनाकर आप अपने चेहरे पर लाली ला सकती हैं।

सही रंग का करें चयनः ब्लश खरीदते समय सबसे पहले सही रंग का चयन करना जरूरी है। अगर आपकी त्वचा गोरी है तो हल्के गुलाबी या पीच टोन वाले ब्लश चुनें। मध्यम त्वचा वाले लोग म्यूटेड पिंक या कोरल रंग चुन सकते हैं। गहरे रंग की त्वचा वाले लोगों को ब्रोंज या डार्क पिंक रंग पसंद आ सकते हैं। सही रंग चुनने से आपका चेहरा तरोताजा और प्राकृतिक लगेगा, जिससे आपका लुक और भी निखर उठेगा।

ब्रश के बजाय उंगलियों का करें इस्तेमालः ब्लश लगाते समय ब्रश के बजाय उंगलियों का इस्तेमाल करें। इससे ब्लश समान रूप से फैलता है और आपकी त्वचा में एक प्राकृतिक चमक आती है। बस अपनी उंगलियों पर थोड़ा–सा ब्लश लेकर गालों पर हल्के हाथों से थपथपाएं। यह तरीका न केवल आसान है, बल्कि इससे आपका मेकअप भी ज्यादा लंबे समय तक टिकता है। इसके अलावा यह तरीका आपके चेहरे को एक ताजगी भरा लुक भी देता है, जिससे आपका चेहरा और भी सुंदर लगता है। हल्का प्राइमर लगाएंः अगर आप चाहती हैं कि आपका ब्लश पूरे दिन टिका रहे तो इसके नीचे एक हल्का प्राइमर लगाएं। प्राइमर आपकी त्वचा को चिकना बनाएगा और ब्लश को बेहतर तरीके से पकड़ने में मदद करेगा। इसके लिए एक हल्का–सा प्राइमर लें और उसे अच्छे से फैलाएं। इसके ऊपर ही बेस मेकअप करें और उसके ऊपर से ब्लश को फैला लें। इससे न केवल आपका मेकअप लंबे समय तक टिका रहेगा, बल्कि आपका चेहरा भी तरोताजा और चमकदार लगेगा।

मल्टीपर्पस ब्लश स्टिक का करें चयनः आजकल बाजार में ऐसे ब्लश स्टिक्स मिलते हैं, जिन्हें आप गालों, आंखों और होठों पर इस्तेमाल कर सकते हैं। ये बहुत ही सुविधाजनक होती हैं, क्योंकि इनसे कई उत्पादों का काम एक ही साथ हो जाता है और मेकअप जल्दी हो जाता है। इनका फॉर्मूला ऐसा होता है कि ये त्वचा में आसानी से समा जाता है।


